www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

मौसम

अधिकतम तापमान 31.c

28.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 98.935g

चांदी 100,000kg

2 राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के नए सिद्धांत, अभी खत्म नहीं हुआ ऑपरेशन सिंदूर

युवक पर लाठी-डंडों से हमला 04

वर्ष :08 | अंक :332 | मुंबई ,शनिवार ,24 मई , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## केरल में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, छह जिलों में जारी ऑरेंज अलर्ट

केरल के विभिन्न भागों में जारी भारी बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को राज्य के छह जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने यह भी बताया कि अगले दो दिनों में राज्य में मानसून के दस्तक देने की संभावना है और अगले सात दिनों के दौरान केरल में भारी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने राज्य के त्रिशूर, मलप्पुरम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने इसके अलावा कन्नूर और कासरगोड में 24 से 26 मई तक तथा मलप्पुरम, कोझिकोड और वायनाड में 25 व 26 मई के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने 26 मई के लिए पथनमथिट्टा और इडुक्की जिलों में भी रेड अलर्ट जारी किया। मौसम विभाग ने 24 मई के लिए राज्य के नौ जिलों में, 25 मई को सात, 26 मई को चार और 27 मई को छह जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया। रेड अलर्ट 24 घंटों में 20 सेंटीमीटर (सेमी) से अधिक भारी बारिश, ऑरेंज अलर्ट में 11 से 20 सेमी तक बहुत भारी बारिश और येलो अलर्ट में छह सेमी से 11 सेमी के बीच भारी बारिश को दशार्ता है।

## बिलासपुर में छात्राओं की यौन उत्पीड़न की शिकायत के बाद कॉलेज प्राचार्य गिरफ्तार

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में बंदला हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक सह प्राचार्य को, छात्राओं की ओर से यौन उत्पीड़न की शिकायत किए जाने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। छात्रों ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो वायरल होने के बाद आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। इस वीडियो में कथित तौर पर आरोपी अस्पताल में भर्ती छात्रा को कंबल के अंदर अनुचित तरीके से छूने की कोशिश करते हुए दिखाया गया था। पुलिस ने बताया कि यह कथित घटना मार्च 2024 की है। बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला स्तरीय जांच कमेटी गठित की गई जिसने अपनी रिपोर्ट तकनीकी शिक्षा विभाग को सौंप दी है। जांच पैनल की अध्यक्ष विभा शर्मा ने कहा, समिति ने सभी पक्षों के बयान दर्ज करने के बाद एक रिपोर्ट तैयार की है जिसे संबंधित विभाग को सौंप दिया गया है। तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक अक्षय सूद ने कहा कि रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# भारत की विदेश नीति ध्वस्त, पाकिस्तान की निंदा में हमारे साथ कोई देश क्यों नहीं आया : राहुल गांधी

## राहुल के विदेश मंत्री जयशंकर से 3 सवाल

राहुल ने लिखा- क्या खख (जयशंकर जी) बताएंगे...

- भारत को पाकिस्तान के साथ क्यों जोड़ा गया है?
- पाकिस्तान की निंदा करने में एक भी देश ने हमारा साथ क्यों नहीं दिया?
- ट्रम्प से भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा?

एजेंसी

नई दिल्ली , कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार विदेश मंत्री एस जयशंकर से 3 सवाल पूछे। एक दिन पहले राहुल ने पीएम मोदी से भी ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान सीजफायर को लेकर 3 सवाल पूछे थे।विदेश मंत्री जयशंकर डच ब्रॉडकास्टर ठडर को इंटरव्यू दिया था। इसमें जयशंकर ने पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव पर सवालों के जवाब दिए थे। भाजपा ने राहुल गांधी को निशान-ए-पाकिस्तान बताया भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि राहुल गांधी सेना की वीरता को कमतर आंकना बंद करें। ऐसे सवाल पूछना बंद करें, जो नहीं पूछे जाने चाहिए। वे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालते हैं। उनकी टिप्पणी को बचकाना व्यवहार कहकर खारिज नहीं किया जा सकता।भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी को निशान-ए-पाकिस्तान बताया। उन्होंने कहा कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर राहुल गांधी की टिप्पणी को इस्लामाबाद भारत को बदनाम करने के लिए कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर जारी है।इसलिए गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी करके देश की सुरक्षा को खतरे में डालना भी बंद करें।ऐसे सवाल जानबूझकर पूछना राहुल गांधी का मुख्य चरित्र रहा है, जो हमारे देश के प्रति शत्रुतापूर्ण राष्ट्रों के एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी से 3 सवाल किए थे। जो आतंकवाद, पाकिस्तान के बयान और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता के दावे पर थे।राहुल ने अपनी पोस्ट में पूछे सवालों के साथ पीएम मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन की वीडियो क्लिप भी



अपनी जोड़ी थीइसमें पीएम मोदी कहते सुनाई दे रहे हैं- पाकिस्तान की तरफ से जब ये कहा गया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखाया जाएगा तो भारत ने भी उस पर विचार किया। राहुल ने पोस्ट में लिखा- मोदी जी खोखले भाषण देना बंद कर दीजिए। सिर्फ इतना बताइए...आपने भारत के सम्मान से समझौता कर लिया। बीकानेर में पीएम ने कहा- मेरी रगों में खून नहीं, गर्म सिंदूर बह रहाराहुल गांधी का ये बयान पीएम मोदी के 22 मई को राजस्थान के बीकानेर में दिए बयान के बाद आया था।

# 100 किमी घुसकर पाकिस्तानी सेना को सबक सिखाया : अमित शाह

## बीएसएफअलंकरण समारोह में बोले अमित शाह

किस्तान ने कई हमले किए, लेकिन उसका माकूल जवाब नहीं मिला।2014 में जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने, तो उरी में पहला बड़ा हमला हुआ, जिसमें हमारे जवानों को निशाना बनाया गया और हमने दुश्मन के इलाके में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक से जवाब दिया।

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में 22वें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) अलंकरण समारोह और रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दशकों से देश आतंकवाद का सामना कर रहा है। पाकिस्तान ने कई हमले किए, लेकिन उसका माकूल जवाब नहीं मिला।2014 में जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने, तो उरी में पहला बड़ा हमला हुआ, जिसमें हमारे जवानों को निशाना बनाया गया और हमने दुश्मन के इलाके में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक से जवाब दिया।जब पुलवामा हमला हुआ, तो भारतीय सेना ने हवाई हमले के जरिए कड़ा जवाब दिया।

अमित शाह ने कहा कि पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों को उनके परिवारों के सामने उनका धर्म पूछकर मार दिया गया...ऑपरेशन सिंदूर उस हमले का जवाब है और आज दुनिया भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी की प्रशंसा कर रही है।उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद 8 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था और ऑपरेशन के कुछ ही मिनटों के भीतर हमने नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया, जिनमें से दो मुख्यालय थे।हमने पाकिस्तानी सेना के ठिकानों, एयरबेसों को नष्ट नहीं किया। हमने केवल उन लोगों को दंडित किया जिन्होंने भारतीय धरती पर पाप किए थे। एक बार फिर हमने आतंकी ठिकानों को खत्म कर दिया।जब यह तय हुआ कि एक सीमा पर एक बल सुरक्षा प्रदान करेगा, तो बीएसएफ को दो सबसे कठिन सीमाओं - बांग्लादेश और पाकिस्तान की रक्षा करने की जिम्मेदारी दी गई और आपकी क्षमताओं को देखते हुए, आपने इसे बहुत अच्छी तरह से सुरक्षित किया है।



# भाषाई भूल थी, मैं बहन सोफिया और देश से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं...

## एमपी के मंत्री विजय शाह का फिर आया माफीनामा

मंत्री ने आगे कहा कि मेरा आशय किसी भी धर्म, जाति एवं समुदाय को ठेस पहुँचाने, आहत करने का नही था, मैं भूलवश अपने द्वारा कहे गये शब्दो के लिये पूरी भारतीय सेना से, बहन कर्नल सोफिया से, एवं समस्त देशवासियो से पूरी तरह से क्षमा प्रार्थी हूँ और पुनः हाथ जोडकर माफी माँगता हूँ।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अपनी टिप्पणी से विवाद खड़ा करने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेता और मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने शुक्रवार को सार्वजनिक रूप से माफी मांगी।उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि जयहिन्द, पिछले दिनों पहलगाम में हुए जघन्य हत्याकांड से मैं मन से बहुत दुखी एवं विचलित हूँ, मेरा राष्ट्र के प्रति अपार प्रेम और भारतीय सेना के प्रति आदर एवं सम्मान हमेशा रहा है। मेरे द्वारा कहे गये शब्दो से



समुदाय, धर्म, देशवासियो को दुख पहुँचा है, यह मेरी भाषाई भूल थी।

मंत्री ने आगे कहा कि मेरा आशय किसी भी धर्म, जाति एवं समुदाय को ठेस पहुँचाने, आहत करने का नही था, मैं भूलवश अपने द्वारा कहे गये शब्दो के लिये पूरी भारतीय सेना से, बहन कर्नल सोफिया से, एवं समस्त देशवासियो से पूरी तरह से क्षमा प्रार्थी हूँ और पुनः हाथ जोडकर माफी माँगता हूँ।सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों के खिलाफ ऑपरेशन में सेना की प्रवक्ता कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में की गई अभद्र टिप्पणी के लिए विजय शाह की माफी को खारिज कर दिया।

# राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट : आतंकवाद हो या नक्सलवाद, नहीं करेंगे कतई बर्दाश्त

## विकसित भारत के लिए पूर्वी भारत का विकसित होना बहुत जरूरी : पीएम मोदी

राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट

मोदी ने कहा कि आज जब मैं राइजिंग नॉर्थ ईस्ट के इस भव्य मंच पर हूं तो मन में गर्व है, आत्मीयता है और अपनापन है और सबसे बड़ी बात है, भविष्य को लेकर अपार विश्वास है। अभी कुछ ही महीने पहले यहां भारत मंडपम में हमने अष्टलक्ष्मी महोत्सव मनाया था।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली में राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट 2025 को संबोधित किया, जहां उन्होंने कहा कि भारत का पूर्वोत्तर देश का सबसे विविधतापूर्ण हिस्सा है और पिछले 11 वर्षों में इस क्षेत्र में बड़े बदलाव हुए हैं। उन्होंने समिट में कहा कि भारत दुनिया में सबसे विविधतापूर्ण राष्ट्र के रूप में जाना जाता है और हमारा पूर्वोत्तर इस विविधतापूर्ण राष्ट्र का सबसे विविधतापूर्ण हिस्सा है। व्यापार से लेकर परंपरा, वस्त्र से लेकर पर्यटन तक, पूर्वोत्तर की विविधता इसकी सबसे बड़ी ताकत है।मोदी ने कहा कि आज जब मैं राइजिंग नॉर्थ ईस्ट के इस भव्य मंच पर हूं तो मन में गर्व है, आत्मीयता है और अपनापन है और सबसे बड़ी बात है, भविष्य को लेकर अपार विश्वास है।




अभी कुछ ही महीने पहले यहां भारत मंडपम में हमने अष्टलक्ष्मी महोत्सव मनाया था। आज हम यहां नॉर्थ ईस्ट में निवेश का उत्सव मना रहे हैं। यहां इतनी बड़ी संख्या में इंडस्ट्री लीडर्स आए हैं।यह दिखाता है कि नॉर्थ ईस्ट को लेकर सभी में उत्साह है, उमंग है और नए-नए सपने हैं।

# आप विधायक रमन अरोड़ा गिरफ्तार

## पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने की कार्रवाई

अरोड़ा ने कथित तौर पर फर्जी नोटिस जारी करने और लक्षित व्यक्तियों से पैसे ऐंठने के लिए वशिष्ठ का इस्तेमाल किया।अरोड़ा के खिलाफ शिकायतों के बाद शुक्रवार सुबह वीबी ने उनके घर पर छापा मारा।

एजेंसी

पंजाब सतर्कता ब्यूरो (वीबी) ने शुक्रवार को जालंधर सेंट्रल से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक रमन अरोड़ा (54) को नगर निगम के पूर्व सहायक नगर योजनाकार (एटीपी) सुखदेव वशिष्ठ से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तार किया, जिन्हें पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया गया था। आप प्रवक्ता नील गर्ग ने पुष्टि की कि सतर्कता विभाग ने अरोड़ा के आवास पर छापा मारा था। यह पता



नहीं चल पाया है कि छापेमारी के बाद रमन अरोड़ा के आवास से क्या मिला, जिसके कारण भ्रष्टाचार के मामले में उनकी गिरफ्तारी हुई।अरोड़ा ने कथित तौर पर फर्जी नोटिस जारी करने और लक्षित व्यक्तियों से पैसे ऐंठने के लिए वशिष्ठ का इस्तेमाल किया। अरोड़ा के खिलाफ शिकायतों के बाद शुक्रवार सुबह वीबी ने उनके घर पर छापा मारा। हालांकि वीबी के अधिकारी चुप रहे, लेकिन आप ने इस घटनाक्रम को एक्स पर पोस्ट किया

# आज भारत है.. कल आप हो सकते हैं....

## आतंकवाद पर जापान में भारतीय डेलिगेशन ने दुनिया को बताया पाकिस्तान का सच

सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि हमने आज जापान के कई सांसदों से मुलाकात की और सभी ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हमारा समर्थन किया है... हमने उन्हें तस्वीरें दिखाई हैं कि कैसे पाकिस्तानी के सेना अधिकारी आतंकवादियों के जनाजे में शामिल हुए। पाकिस्तान का 'विक्टिम कार्ड' अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुका है, दुनिया भर के लोग पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद को समझ चुके हैं। हमने उन्हें पाकिस्तानी सेना प्रमुख के बयान और उनकी भारत के बारे में सोच के बारे में बताया है, यहां के लोग उसके बारे में ज्यादा नहीं जानते थे।

एजेंसी

जेडीयू सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि उनका (पाकिस्तान का) परमाणु बम का झांसा अब खत्म हो गया है क्योंकि पीएम मोदी ने एक नया सिद्धांत दिया है कि अगर आप हमारे नागरिकों को मारेंगे तो हम भी आपके आतंकवादी ठिकानों पर हमला करेंगे...भारत पिछले चार दशकों से आतंकवाद का सामना कर रहा है,



अब भारत चुपचाप नहीं बैठेगा और अगर ऐसी कोई गतिविधि होगी, तो भारत जवाबी कार्रवाई करेगा। प्रतिनिधिमंडलों की दुनियाभर में यात्रा से वैश्विक जागरूकता बढ़ेगी, लोग अब पाकिस्तान के बारे में जागरूक हो रहे हैं कि पाकिस्तान की आर्मी आतंकवाद पर चलती है। सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि हमने आज जापान के कई सांसदों से मुलाकात की और सभी ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हमारा समर्थन किया है... हमने उन्हें तस्वीरें दिखाई हैं कि कैसे पाकिस्तानी के सेना अधिकारी आतंकवादियों के जनाजे. में शामिल हुए। पाकिस्तान का 'विक्टिम कार्ड' अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुका है, दुनिया भर के लोग पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद को समझ चुके हैं।

# सिर्फ कोटा में ही छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे?

## सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को लगाई फटकार

जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की पीठ ने कहा कि इस साल अब तक शहर से 14 आत्महत्या के मामले सामने आए हैं। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील से पूछा कि आप एक राज्य के रूप में क्या कर रहे हैं? ये बच्चे आत्महत्या क्यों कर रहे हैं और केवल कोटा में ही क्यों? क्या आपने एक राज्य के रूप में इस पर विचार नहीं किया?

एजेंसी

नई दिल्ली , सुप्रीम कोर्ट ने कोटा शहर में छात्रों की आत्महत्याओं में वृद्धि पर राजस्थान सरकार की खिंचाई की और स्थिति को गंभीर बताया।एक मामले की सुनवाई के दौरान, जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की पीठ ने कहा कि इस साल अब तक शहर से 14 आत्महत्या के मामले सामने आए हैं। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील से पूछा कि आप एक राज्य के रूप में क्या कर रहे हैं? ये



बच्चे आत्महत्या क्यों कर रहे हैं और केवल कोटा में ही क्यों? क्या आपने एक राज्य के रूप में इस पर विचार नहीं किया? वकील ने कहा कि आत्महत्या के मामलों की जांच के लिए राज्य में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था।शीर्ष अदालत आईआईटी, खड़गपुर में पढ़ने वाले 22 वर्षीय छात्र की मौत के मामले की सुनवाई कर रही थी।

भड़के

## शांत रहने वाले हरिवंश राहुल गांधी पर भड़के

# 2004 से 2014 के बीच की 2500 घटनाएं गिना सकता हूं...

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केंद्र और सशस्त्र बलों पर सवाल उठाने वाले अपने बयानों में सावधानी बरतने की सलाह दी। हरिवंश ने अटल बिहारी वाजपेयी का उदाहरण दिया, जिन्होंने 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ विरोध नहीं किया था। राज्यसभा के उपसभापति ने कहा कि इससे अधिक चौंकाने वाला, दुखद और जानकारीहीन बयान नहीं हो सकता। यह वह समय है जब हम सभी को एक साथ खड़ा होना चाहिए। हरिवंश ने राहुल को यह भी याद दिलाया कि यूपीए सरकार ने पाकिस्तान सीमा के पास



आतंकवादियों द्वारा एक सैनिक का सिर कलम करने की खबर कथित तौर पर छिपाई थी, जबकि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा से मिलने वाले थे। हरिवंश ने कहा, ब्रह्मा चेलानी ने 2013 में लिखा था कि आतंकवादियों ने पाकिस्तान सीमा के पास केरन सेक्टर में हमारे सैनिकों का सिर कलम कर दिया। उस समय प्रधानमंत्री अमेरिका में थे और उन्हें तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति ओबामा से मिलना था। यह खबर देश से छिपाई गई। उन्होंने कहा, अतीत में मत जाइए, नहीं तो मैं 2004 से 2014 तक की 2,500 घटनाओं का जिक्र करूंगा। ऐसे हजारों मौके आए

हरिवंश ने राहुल को यह भी याद दिलाया कि यूपीए सरकार ने पाकिस्तान सीमा के पास आतंकवादियों द्वारा एक सैनिक का सिर कलम करने की खबर कथित तौर पर छिपाई थी, जबकि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा से मिलने वाले थे।

जब आपको कार्रवाई करनी चाहिए थी, लेकिन आपने नहीं की।यह राहुल गांधी द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए उस दावे के बाद आया है जिसमें उन्होंने दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ध्वस्त हो गई है और उन्होंने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से यह बताने का आग्रह किया कि भारत को पाकिस्तान के साथ क्यों जोड़ा गया है और किसने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से दोनों दक्षिण एशियाई पड़ोसियों के बीच मध्यस्थता करने के लिए कहा। यह राहुल के उस दावे के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि केंद्र ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत में पाकिस्तान को सूचित किया था और कहा था कि यह कोई चूक नहीं बल्कि अपराध था। 17 मई को, राहुल ने जयशंकर का एक बिना तारीख वाला वीडियो साझा किया जिसमें मंत्री यह कहते हुए सुने जा सकते हैं कि आतंकवादी ढांचे पर हमला करने से पहले भारत ने पाकिस्तान को चेतावनी दी थी।

# केंद्र बेंगलुरू मेट्रो के अगले चरण के प्रस्तावों पर विचार करेगा : मनोहर लाल खट्टर



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामले तथा बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र कर्नाटक सरकार से मंजूरी मिलने के बाद बेंगलुरू मेट्रो चरण-दो और तीन(ए) संबंधी प्रस्तावों पर विचार करेगा। खट्टर ने बेंगलुरू में विभिन्न शहरी पहल की प्रगति की समीक्षा की और राज्य सरकार से विरासत में मिले अपशिष्ट प्रबंधन को प्राथमिकता देने तथा शहरी सुधारों के लिए पूंजी निवेश की खातिर राज्यों को विशेष सहायता योजना (एसएसएएससीआई) 2025-26 का लाभ उठाने का आग्रह किया।

उन्होंने विभिन्न मिशन की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य मंत्रिमंडल से प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद बेंगलुरू मेट्रो (चरण-दो) परियोजना की संशोधित लागत पर

बयान के अनुसार, राज्य सरकार ने लगभग 37 किलोमीटर लंबे बेंगलुरू मेट्रो चरण-तीन(ए) के लिए प्रस्ताव पेश किया है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 28,400 करोड़ रुपये है।

विचार किया जाएगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, वर्तमान में बेंगलुरू में लगभग 75 किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क चालू है और लगभग 145 किलोमीटर नेटवर्क निमार्णाधीन है।हाल ही में केंद्र सरकार ने 15,600 करोड़ रुपये की लागत से 45 किलोमीटर लंबे मेट्रो चरण-तीन नेटवर्क को मंजूरी दी थी। बयान के अनुसार, राज्य सरकार ने लगभग 37 किलोमीटर लंबे बेंगलुरू मेट्रो चरण-तीन(ए) के लिए प्रस्ताव पेश किया है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 28,400 करोड़ रुपये है।

## सम्पादकीय

# बिगड़ैल पड़ोसी, चीन-पाकिस्तान पर जयशंकर की सटीक टिप्पणी

ट्रंप को संदेश देने के लिए यह पहले ही कहा जा चुका है कि ऑपरेशन सिंदूर स्थगित भर किया गया है। पाकिस्तान के साथ विश्व समुदाय और विशेष रूप से अमेरिका को ऐसा संदेश देना समय की मांग है क्योंकि कई देश प्रमुख आतंकवाद की जानबूझकर अनदेखी करते दिख रहे हैं। यह रवैया विश्व शांति और सुरक्षा को खतरे में डालने वाला है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यह सटीक टिप्पणी की कि पाकिस्तान और चीन, दो सबसे कठिन पड़ोसी देश हैं। आम भाषा में कहें तो बिगड़ैल देश हैं। यदि पाकिस्तान सुधरने के लिए तैयार नहीं तो इसका एक बड़ा कारण चीन है। वह उसे भारत के खिलाफ उकसाता रहता है। भारत को इस रणनीति पर काम करना होगा कि पाकिस्तान के साथ चीन पर भी कैसे दबाव बनाया जाए, क्योंकि अब वह अफगानिस्तान में तालिबान को प्रभावित करने में जुट गया है। वह ऐसा इसीलिए कर रहा है ताकि तालिबान आतंक को पाल-पोस रहे पाकिस्तान की हरकतों की अनदेखी करे। वे ऐसा शायद ही करें, लेकिन भारत को अमेरिका के रवैये के प्रति भी सावधान रहना होगा। यह अच्छा हुआ कि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह कहकर अमेरिकी राष्ट्रपति को आईना दिखाया कि भारत-पाकिस्तान के बीच के मुद्दों पर कोई मध्यस्थता स्वीकार नहीं। इसे और स्पष्ट किया विदेश मंत्री ने यह कहकर कि ट्रंप भारत और पाकिस्तान को आर्थिक समृद्धि पर ध्यान देने की जो बात लगातार दोहरा रहे हैं, वह अस्वीकार्य है। ट्रंप का रवैया विचित्र ही नहीं, आतंक के पोषक पाकिस्तान का दुस्साहस बढ़ाने वाला है। क्या कल को ट्रंप इजरायल को भी आर्थिक समृद्धि पर ध्यान देने की सलाह देकर उसे हमास अथवा हूतियों की अनदेखी करने को कहेंगे? वह विश्व में शांति लाने के नाम पर अपनी और अमेरिका की फजीहत ही करा रहे हैं। शायद उनके इसी रवैये के कारण प्रधानमंत्री ने यह कहा कि पहलगाम का बदला अभी पूरा नहीं हुआ है। ट्रंप को संदेश देने के लिए यह पहले ही कहा जा चुका है कि ऑपरेशन सिंदूर स्थगित भर किया गया है। पाकिस्तान के साथ विश्व समुदाय और विशेष रूप से अमेरिका को ऐसा संदेश देना समय की मांग है, क्योंकि कई देश प्रमुख आतंकवाद की जानबूझकर अनदेखी करते दिख रहे हैं। यह रवैया विश्व शांति और सुरक्षा को खतरे में डालने वाला है। इसलिए और भी, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाएं पंगु हो चुकी हैं। वैसे तो ट्रंप कुछ भी उलटा-सीधा बोलते हैं और फिर उससे पलट भी जाते हैं, जैसे भारत-पाक के बीच मध्यस्थता की बात से पलट गए, लेकिन क्या वह वही अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं, जिन्होंने अपने पहले कार्यकाल में पाकिस्तान पर खुद को धोखा देने का आरोप लगाया था? यदि भारत उनके इस दावे को नकार रहा है कि सैन्य टकराव रोकने में उनकी भूमिका थी तो इसके लिए वही जिम्मेदार हैं।

## आज का विचार







**मेष राशि:** दिन खुशहाल रहेगा. आप माता-पिता के साथ मंदिर दर्शन के लिए जायेंगे. घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा बन जायेगा. जीवनसाथी के बीच सामंजस्य बना रहेगा, साथ मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे.

**वृष राशि:** दिन बढ़िया रहेगा. घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन होने के संकेत हैं. इस राशि के आर्ट्स के स्टूडेंट्स को टीचर्स का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा. कुछ दिनों से किसी विषय में आ रही समस्या कल आसानी से सॉल्व हो जायेगी. सुबह योग करने की हैबिट से आप चुस्त-दुरुस्त बने रहेंगे. आपको व्यवसाय से जुड़े सुनहरे अवसर मिलेंगे.

**मिथुन राशि:** दिन आपके लिए नयी खुशिया लेकर आया है. आपको कोई अच्छी खबर मिलने के साथ ही आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे. इस राशि के जो लोग फ्रीलांसर से जुड़े हुए हैं, उनकी आय में बढ़ोतरी होने के योग हैं. व्यापार के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी.

**कर्क राशि :** दिन अच्छा रहेगा. कारोबार संबंधी यात्राओं का योग बन रहा है, जल्द ही आपको ज्यादा धन लाभ होने की उम्मीद है. जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे, आप उनकी पसंद का कोई गिफ्ट दे सकते हैं. दोस्तों के साथ घूमने का प्रोग्राम टल सकता है.

**सिंह राशि:** दिन आपके लिए बेहतर रहेगा. जीवनसाथी के सहयोग से आपका कोई काम पूरा हो जायेगा, साथ ही उनकी बेहतर सलाह मिलने से आपको पैसे कमाने का नया जरिया भी मिलेगा. मित्रों के साथ किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा.

**कन्या राशि:** दिन शानदार रहेगा. आप कोई जरूरी काम निपटाने में सफल रहेंगे. दोस्तों के साथ आउटिंग पर जाने से आपको खुशी मिलेगी. धन से जुड़ी चिंताएं दूर हो जाएगी. साथ ही रुके हुआ धन मिल सकता है.

**तुला राशि :** दिन मिला-जुला रहेगा. मित्रों से बेहतर सलाह मिलने से आपका काम आसान हो जायेगा. साथ ही सेहत बढ़िया रहने से आपका मन काम में लगा रहेगा.

**वृश्चिक राशि :** दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा. व्यापार में योजनाबद्ध तरीका अपनाने से आसानी होगी. इस राशि के जिन लोगों का रेस्टोरेंट है, उनका काम अच्छा चलेगा. उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न होंगे.

**धनु राशि:** दिन आपके परिवार के लिए नयी खुशियां लेकर आया है. आपका खुशनुमा व्यवहार घर में रौनक का माहौल बना देगा. इस राशि के नौकरीपेशा लोगों के लिए कल का दिन फेवरेबल है, उन्हें काम से जुड़ी कोई खुशखबरी मिलेगी. सही योजना के तहत अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे.

**मकर राशि:** दिन आपके अनुकूल रहेगा. आपको आर्थिक रूप से अपने सगे-संबंधियों से मदद मिलेगी. इस राशि के छात्रों को करियर के क्षेत्र में गुरुजनों का सहयोग मिलेगा. लेन-देन के मामलों में सावधानी बरतने से आप किसी बड़ी परेशानी से बचेंगे.

**कुंभ राशि :** दिन आपके लिए उत्तम रहेगा. दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर रहेगा, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा. सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त बने रहेंगे. इस राशि के विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए कल शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा. कुछ लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे, साथ ही वो आपसे जुड़ने की कोशिश भी करेंगे. बिजनेसमैन को अपने बेहतर अपॉर्चुनिटिज मिलेगी.

**मीन राशि:** आपके अंदर आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी. आप कोई रचनात्मक कार्य करेंगे, साथ ही आपको तरक्की के कई अवसर भी मिलेंगे. आपको व्यापार में मुनाफ होने की उम्मीद है. स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा. दाम्पत्य जीवन में सलाह-मशविरा से आगे बढ़ने से अंडरस्टैन्डिंग बढ़ेगी. इस राशि के कॉमर्स स्टूडेंट्स के लिए कल का दिन शुभ है.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के नए सिद्धांत, अभी खत्म नहीं हुआ ऑपरेशन सिंदूर

> भारतीय सैन्य बलों ने अपने पराक्रम से यह दिखा दिया कि वह पाकिस्तान से कहीं आगे हैं। पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान पहुंचा कर भारत ने दुनिया को भी यह बताया कि हम पड़ोसी देश को पस्त करने की क्षमता रखते हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने राष्ट्रीय सुरक्षा नीति में कुछ नए सिद्धांत प्रतिपादित किए हैं।

आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर द्वारा एक नया मानक स्थापित किया। आतंकवाद की जघन्य घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। 2001 में संसद पर हमला हुआ था और 2008 में पाकिस्तान से आए आतंकियों ने मुंबई में भयंकर नरसंहार किया था। इन बड़ी घटनाओं के बाद भी भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई नहीं की। इसके विपरीत मोदी सरकार के समय 2016 में उड़ी में आतंकी हमले के बाद सीमा पार सर्जिकल स्ट्राइक की गई और 2019 में पुलवामा में भीषण आतंकी हमले के बाद हमारे लड़ाकू विमानों में पाकिस्तान के बालाकोट में बमबारी की। ऐसा प्रतीत होता है कि ये कठोर कदम भी पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए पर्याप्त नहीं थे। इसीलिए पहलगाम में भीषण आतंकी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर किया भारतीय सेना ने पहले आतंकियों के नौ बड़े अड्डों को तबाह किया, फिर पाकिस्तानी सेना की उकसावे वाली कार्रवाई पर उसके कई प्रमुख एयरबेस ध्वस्त किए। भारतीय सैन्य बलों ने अपने पराक्रम से यह दिखा दिया कि वह पाकिस्तान से कहीं आगे हैं। पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान पहुंचा कर भारत ने दुनिया को भी यह बताया कि हम पड़ोसी




देश को पस्त करने की क्षमता रखते हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने राष्ट्रीय सुरक्षा नीति में कुछ नए सिद्धांत प्रतिपादित किए हैं। पहला, यह कि यदि आतंकी हमला होता है तो उसे एक्ट आफ वार मानकर जवाबी कार्रवाई की जाएगी। दूसरा, यह कि हम परमाणु ब्लैकमेलिंग से प्रभावित नहीं होंगे और तीसरा यह कि आतंक पर प्रहार करने में आतंकियों और उनके संरक्षकों में कोई फर्क नहीं करेंगे। पाकिस्तान को बता दिया गया कि आतंक और वार्ता साथ-साथ नहीं चल सकते और न ही आतंक और व्यापार। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकते। यह संदेश पाकिस्तान के साथ-साथ सारी दुनिया के लिए भी है। नए सुरक्षा सिद्धांतों पर कायम रहने के साथ यह समय इस पर चिंतन करने का भी है कि सुरक्षा व्यवस्था में कमी-कमजोरी दूर करने के लिए शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएं। हमें अपनी आंतरिक सुरक्षा को और सुदृढ़ करना पड़ेगा। आखिर ऐसा कैसे हुआ कि खुफिया विभाग को पहलगाम में आतंकियों की साजिश के बारे में कोई भनक नहीं मिल सकी? वहां समय रहते पुलिस की कोई टुकड़ी क्यों नहीं पहुंच सकी? इस पर भी विचार किया जाना चाहिए कश्मीर में जन समर्थन प्राप्त करने के लिए हमें और क्या करना पड़ेगा? यह तथ्य है कि करीब 15 स्थानीय लोगों ने आतंकियों की मदद की। भारत और पाकिस्तान के अघोषित युद्ध में अमेरिका की भूमिका निराशाजनक रही। शुरू में तो ऐसा लगा कि अमेरिका बीच में नहीं पड़ेगा, परंतु वह एकदम से कूद पड़ा और राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान में युद्ध विराम कराने का श्रेय भी लिया। भारत ने इसका खंडन कर सही किया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान को जो कर्ज दिया, वह भी अमेरिका की सहमति के बिना नहीं हुआ होगा। यदि भविष्य में पाकिस्तान या चीन से युद्ध करना पड़ता है तो क्या हम अमेरिका पर निर्भर कर सकेंगे? यह एक बहुत बड़ा प्रश्न है। रूस ने हमारा साथ दिया, परंतु यूक्रेन से लड़ाई के चलते उसके चीन से रिश्ते बहुत प्रगाढ़ हो गए हैं। हम इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि तुर्किये और अजरबैजान पूरी तरह पाकिस्तान के समर्थन में खड़े हुए। जनता में इन दोनों देशों के प्रति आक्रोश है। संतोष का विषय है कि भारत सरकार ने आवश्यक कदम उठाना शुरू कर दिया है। हमें गांठ बांध लेना चाहिए कि जब तक सीमा संबंधी विवाद पर संतोषजनक समझौता नहीं हो जाता, तब तक हम चीन से व्यापारिक स्तर पर सामान्य संबंध नहीं कर सकते। दुर्भाग्य से देश में एक ऐसी लाबी है, जिसे अपने मुनाफे की ज्यादा चिंता है। उसे देश की प्रतिष्ठा की चिंता नहीं। ऑपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ है और होना भी नहीं चाहिए। आखिर बड़े आतंकी सरगना हाफिज सईद, मसूद अजहर, सलाहुद्दीन और अन्य अनेक अभी भी जीवित हैं। इन सभी ने भारत में आतंक की गंभीर घटनाएं की हैं, जिसके लिए उन्हें सजा मिलनी अभी बाकी है। भारत को ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई फिर करनी पड़ सकती है। यह सोचना कि पाकिस्तान को जो चोट पहुंची, उससे वह अपनी हरकतों से बाज आएगा, गलत होगा। आतंक को पोषण देने वाला पाकिस्तान कुछ भी कर सकता है। भारत को अपनी सामरिक शक्ति को और बढ़ाना होगा। हमारी वायुसेना के पास 42 स्क्वाड्रन होने चाहिए, अभी 31 हैं। एडवांस्ड मीडियम काबैट एयरक्राफ्ट बनाने की योजना में विलंब हो रहा है। हमारे पास पांचवीं पीढ़ी के जेट फाइटर नहीं हैं, जबकि चीन उन्हें बना रहा है। चार दिनों की लड़ाई में पाकिस्तान ने ड्रोन के झुंड के झुंड भेजे। हमने अधिकांश मार गिराए गए, लेकिन हमें रक्षा बजट के लिए और अधिक धनराशि आवंटित करनी पड़ेगी। अभी तक यह धनराशि हमारी जीडीपी का केवल 1.9 प्रतिशत है। इसे कम से कम 2.5 प्रतिशत तक ले जाना होगा। चीन प्रतिवर्ष रक्षा पर 314 अरब डालर खर्च करता है, जबकि भारत केवल 86.1 अरब डालर। जिहादी मानसिकता वाले पाकिस्तान और भारत विरोधी चीन के रुख को देखते हुए हमें एक महाशक्ति के रूप में उभरना ही होगा।

# कोरोना संग जीना



विजय गर्ग

दुनिया मानकर चल रही थी कोरोना संक्रमण का काला दौर हमेशा-हमेशा के लिये चला गया है। पिछले कुछ वर्षों से जन-जीवन फिर पटरी पर लौट रहा था। विश्व के कुछ क्षेत्रों में जारी युद्ध और अन्य विषम परिस्थितियों के बीच जारी आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद अर्थव्यवस्थाएं कोरोना से पहली स्थिति में पहुंचने के लिये जद्दोजहद कर रही थी। लेकिन कोरोना की नई दस्तक ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। कोरोना संक्रमण की वापसी की आहट पहले हांगकांग व सिंगापुर में सुनाई दी। हांगकांग में कुछ ही मामलों में तीस लोगों के मरने की खबर है। वहीं सिंगापुर में एक मई तक कोरोना संक्रमितों की संख्या 14 हजार से अधिक थी, जिसमें 19 मई तक तीन हजार नये संक्रमित जुड़ गए हैं। जिस चीन से कोरोना वायरस सारी दुनिया में फैला, वहां भी कोरोना के मामले तो बढ़े हैं लेकिन इस संख्या को सार्वजनिक नहीं किया गया। वहीं चीन का स्वास्थ्य विभाग कोरोना के मामलों में तेजी आने की आशंका जता रहा है। चिंता इस बात की भी है कि भारत में केरल, महाराष्ट्र व तमिलनाडु में कोरोना संक्रमण के मामले दर्ज किए गए। बताया जा रहा है कि एक जनवरी से 19 मई तक देश में ढाई सौ से अधिक संक्रमण के मामले दर्ज किए गए हैं। मुंबई के अस्पताल में भर्ती दो मरीजों की संक्रमण से हुई मौत को लेकर भी चिंता जतायी जा रही है। हालांकि, अस्पताल का दावा है कि एक रोगी कैंसर तो दूसरा किडनी से जुड़ी गंभीर बीमारी से पीड़ित था। बहरहाल, कोरोना के नये वायरस के संक्रमण को लेकर सरकार के स्तर पर गंभीर प्रयास करने तथा नागरिकों को सजग-सतर्क रहने की जरूरत है। कोरोना संक्रमण की पिछली कई लहरों से सबक लेकर उपचारात्मक नीतियों के क्रियान्वयन व चिकित्सा सुविधाओं को विस्तार देने की जरूरत है। इससे पहले कि वायरस अनियंत्रित हो, सरकार व स्वास्थ्य एजेंसियों को बचाव के उपाय युद्ध स्तर पर करने चाहिए।

हालांकि, विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से कहा जा रहा है कि इस बार के संक्रमण के लिये ओमिक्रोन के नये वेरिएंट जे.ए.1 तथा वेरिएंट एल.एफ.7 और एन.बी.18 जिम्मेदार हैं। बताया जा रहा है कि जे.एन.1 वेरिएंट बहुत तेजी से फैलता है। विश्व के स्वास्थ्य विशेषज्ञ बता रहे हैं कि नये वेरिएंट से पीड़ित लोगों में गले में खराश, नींद न आना, छींके आना, खांसी, एंग्जाइटी, नाक बहना, खांसी, सिरदर्द, कमजोरी, थकान व मांसपेसियों में दर्द की शिकायत शामिल हो सकती है। हालांकि, इनमें से कुछ आम इंफ्लूएंजा के लक्षण भी हो सकते हैं। ऐसे में कोरोना संक्रमण का टेस्ट करवाना भी जरूरी हो जाता है। वैसा कहना मुश्किल है कि कोरोना का वायरस हमारे बीच से चला गया। वह कहीं गया नहीं बल्कि टीकाकरण से मिली हमारे शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता ने उसे रोक दिया। लेकिन दिक्कत यह है कि मौसम परिवर्तन चक्र के बीच में म्यूटेशन से इसके नये वेरिएंट सामने आते हैं। जिनका मुकाबला करने व शरीर की रोग प्रतिरोधक शक्ति को इन्हें समझने में थोड़ा वक्त लगता है। निस्संदेह, यह एक चुनौती है, लेकिन इससे घबराने की नहीं, समझदारी और सतर्कता से निपटने की जरूरत है। पिछली कई बड़ी कोरोना संक्रमण की लहरों ने हमें इस संक्रमण से मुकाबले के सबक दिए हैं। एक समय था जब हमारा चिकित्सा ढांचा इसके मुकाबले के लिये तैयार न था। जीवनदायिनी ऑक्सीजन की उत्पादन क्षमता और भंडारण में हम अब आत्मनिर्भर हैं। दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन अभियान चलाकर हमने 140 करोड़ लोगों को सुरक्षा कवच प्रदान किया है। हमने अपने नागरिकों को ही सुरक्षा कवच नहीं दिया, बल्कि पूरी दुनिया के अनेक देशों को भारत की वैक्सीन व चिकित्सा सामग्री देकर एक मिसाल कायम की है। दरअसल, कोरोना संक्रमण से बचने के वही उपाय हमें सुरक्षा देंगे, जो हमने पिछले संक्रमण लहरों में सफलतापूर्वक अपनाए थे। इनमें साफ-सफाई का ध्यान रखना है, सुरक्षित दूरी रखनी है, अपने खानपान को सुधारना है, हाथ मिलाने व भीड़भाड़ वालों स्थानों पर जाने से बचना चाहिए। मास्क का उपयोग अनिवार्य शर्त है। लक्षण दिखने पर जांच कराना और खुद को समाज व परिवार से अलग करना समझदारी होगी। हमारी सजगता व चिकित्सातंत्र की सक्रियता के आगे फिर वायरस कहां टिकेगा।

# बदल रहा है कश्मीर

(सुभाष आनंद)

आतंकवादी कार्रवाई के पश्चात पहलगाम जाने का मौका मिला वहां सन्नाटा छाया हुआ था। पहलगाम जहां कभी पर्यटकों की हमेशा चहल पहल रहती थी, वहां अब सूनापन दिखने लगा है। यहां के स्थानीय लोगों से मिलने से पता चला कि स्थिति कितनी बदली हुई है। कई दिनों से लोगों ने अपने घरों के चूल्हे नहीं जलाए हैं। महिलाएं और नौजवान आतंकवाद के विरुद्ध खड़े हैं। ऐसा लगता है कि कश्मीर में आतंकवाद पूरी तरह हार चुका है। अब घर-घर में लोकतंत्र की आवाज सुनने को मिल रही है। मुस्लिम महिलाएं जो कभी फौजी लोगों के विरुद्ध डटकर इकट्ठी हो जाती थीं वे आज मुझे रोती दिखाई दी। जैसे स्वयं उनका कोई रिश्तेदार इस घटना में मारा गया है। विचार बदलने में देर नहीं लगती कभी फौजियों पर पत्थर फेंकने वाली कश्मीरी महिलाएं और नौजवान अब शांति और लोकतंत्र की बातें करने लगे हैं। लोकल लोगों से मिलने से पता चला कि अभी भी कुछ लालची लोग आतंकवादियों के स्थानीय मददगार बने हुए हैंलेकिन अब उन्हें ज्यादा समर्थन नहीं मिल रहा है इसलिए अब इनको पहचानने में देरी नहीं लगेगी। कुछ कट्टरपंथी लोगों का कहना है कि पाकिस्तान के साथ कश्मीर नीति पर बात करना कोई सरल काम नहीं है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी भी भारत पाक की मित्रता पर मीठी-मीठी बातें करते हैं और स्वयं अजमेर शरीफ में चादर चढ़ाने की चाहत पेश कर रहे हैं लेकिन उनकी यह मंशा कितनी ईमानदार है यह सब जानते हैं। अमेरिका के प्रसिद्ध समाचार पत्र संडे टाईम के पत्रकार जैम्स कैरी का कहना है कि हर बार भारत पाकिस्तान की चिकनी-चुपड़ी बातों में फंस जाता है जबकि कटु सच्चाई यह है कि पाकिस्तानी सेना और उसकी गुप्तचर एजेंसी 1000 से ज्यादा आतंकवादियों को ट्रेनिंग देकर उसे नियंत्रण रेखा के पार भारत में धकेलने का काम कर रही है। पाकिस्तान की बढ़ती आतंकी गतिविधियों को स्वीकार करते हुए जेम्स कहते है कि आतंकवादी घटनाओं में 100 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। जम्मू कश्मीर में बड़े स्तर पर आतंकवादी मारे जा रहे हैं परंतु आतंकी गतिविधियों में कमी नहीं हो रही। इस चुनौती को लेकर भारतीय सेना तंत्र और विदेशी समाचार पत्र लंबे समय से चेतावनी दे रहे हैं। जब कश्मीर में ऐसी रिपोर्ट मिल रही थी तो सरकार को अपना सुरक्षा तंत्र और राजनीतिक गतिविधियां दुरुस्त करके ठीक तरह से उपाय करने चाहिए थे। इतिहास गवाह है कि कश्मीर आतंकी गतिविधियों से कभी सुरक्षित नहीं रहा। पाकिस्तान की जिस आतंकवादी एजेंसी ने इस घटना की जिम्मेदारी ली है उसका संबंध कजाकिस्तान से भी है। आखिर उनके पास हथियार किन लोगों ने पहुंचाए? उसकी पहचान के लिए भारतीय सैनिक एजेंसियों को दो चार होना पड़ रहा है। वहीं पाकिस्तान के पत्रकार रफीक अहमद ने कहा है कि पाकिस्तानी आतंकवादियों के लिए यह आखिरी हमला साबित हो सकता है। भारत के प्रहार में जो पाकिस्तान के पुराने आतंकवादी मारे गए हैं पाकिस्तानी सेना ने उन्हें ज्यादा महत्व दिया। आतंकी नेताओं की मौत के बाद पाकिस्तान की विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के लोग उनके अंतिम क्रियाकर्म में पहुंचे उससे लगता है पाकिस्तान की प्रत्येक पार्टी किसी न किसी आतंकवादी की आड़ का सहारा ले रही है। पाकिस्तान से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र आजाद में रफीक उल्ला का कहना है कि पाकिस्तान समाप्त होने की कगार पर पहुंचा हुआ है। पाकिस्तानी सेना और पाकिस्तानी लोग जानते हैं कि वह कभी भारत के विरुद्ध परोक्ष युद्ध नहीं जीत सकता। पाकिस्तान में पहली बार देखने को मिला है कि आतंकवादियों और उनके समर्थकों की स्थिति उतनी शक्तिशाली नहीं रही जितनी 5 वर्ष पहले हुआ करती थी। पहलगाम से 10 किलोमीटर दूर जहां हम ठहरे थे वहां भी स्थिति बदली हुई है।

# इतनी बड़ी कार्रवाई पहले कभी नहीं देखी, नक्सलवाद पर अटैक को लेकर बोले एकनाथ शिंदे

बड़े संयुक्त माओवादी विरोधी अभियान में गढ़चिरौली जिले में महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए, एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। यह मुठभेड़ महाराष्ट्र पुलिस की कुलीन सी-60 कमांडो इकाई द्वारा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के समन्वय में एक सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध ऑपरेशन के दौरान हुई।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में (अबूझमाड़ के जंगल में हुए ऑपरेशन में) 26-27 नक्सली मारे गए हैं, अब नक्सलवाद खत्म हो जाएगा। बसवा राजू जिसपर करोड़ों का इनाम था उसे भी मारा गया है। जब से छत्तीसगढ़ में सरकार बदली है, ये और कार्रवाई तेज हो गई है... इतनी बड़ी कार्रवाई पहले कभी नहीं देखी गई... एक तरफ केंद्रीय गृह मंत्री नक्सलवाद का खात्मा कर रहे हैं, दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी आतंकवाद का खात्मा कर रहे हैं। बता दें कि बड़े संयुक्त माओवादी विरोधी अभियान में गढ़चिरौली जिले में महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए, एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। यह मुठभेड़ महाराष्ट्र पुलिस की कुलीन सी-60 कमांडो इकाई द्वारा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के समन्वय में एक सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध ऑपरेशन के दौरान हुई। कवांडे क्षेत्र में हाल ही में स्थापित फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस (एफओबी) के पास नक्सली गतिविधि के बारे में विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर गुरुवार दोपहर को ऑपरेशन शुरू हुआ। सीआरपीएफ कर्मियों के साथ लगभग 300 कमांडो वाली एक दर्जन सी-60 इकाइयों ने कवांडे और नेलगुंडा क्षेत्रों से आक्रमण शुरू किया।

# छगन भुजबल को खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री का जिम्मा, अभी तक धनंजय मुंडे के पास था यह महकमा

महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट में छगन भुजबल को खाद्य और आपूर्ति विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। इससे पहले यह विभाग धनंजय मुंडे के पास था। स्वास्थ्य कारणों के चलते मुंडे ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। शुक्रवार को सरकार की ओर से आदेश जारी कर इसकी जानकारी दी गई।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट में छगन भुजबल को खाद्य और आपूर्ति विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। इससे पहले यह विभाग धनंजय मुंडे के पास था। स्वास्थ्य कारणों के चलते मुंडे ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। शुक्रवार को सरकार की ओर से आदेश जारी कर इसकी जानकारी दी गई। 77 वर्षीय भुजबल ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) का बड़ा चेहरा हैं। मंत्रिमंडल में शामिल नहीं करने से वे नाराज चल रहे थे। आए दिन अपनी ही सरकार को घेरते थे। उनकी नाराजगी आने वाले स्थानीय निकाय चुनावों में सरकार को भारी पड़ सकता था इसलिए सरकार ने उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल कर दिया।

इस बीच छगन भुजबल ने उन दावों पर भी प्रतिक्रिया दी, जिनमें कहा गया कि उन्हें मंत्री पद दिलाने में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अहम भूमिका थी। उन्होंने कहा कि पहले मंत्रिमंडल गठन के दौरान सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मुझे शामिल करने की कोशिश की थी, लेकिन बात नहीं बनी। बाद में सभी के फैसले के बाद मुझे मंत्री पद की जिम्मेदारी मिली है। मैं साफ कर दूं कि मैं बीजेपी का नहीं बल्कि अजित पवार की एनसीपी का मंत्री हूं। 'मंत्री पद पर मैंने कोई सुझाव नहीं दिया' भुजबल ने कहा कि मंत्री पद देने का फैसला एनसीपी का है, मुख्यमंत्री केवल सुझाव दे सकते हैं। मंत्री के तौर पर मुझे कौन सा विभाग मिलना चाहिए, इस बारे में मैंने कोई सुझाव नहीं दिया है। यह मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री तय करते हैं। मुझे जो भी विभाग दिया जाएगा, मैं उसमें काम करूंगा भ्रष्टाचार के आरोपों पर क्या बोले? छगन भुजबल ने भ्रष्टाचार के पुराने आरोपों पर कहा कि जब वह महाविकास अघाड़ी सरकार का हिस्सा थे, तब मेरे खिलाफ दर्ज मामला पूरी तरह से खारिज हो चुका है। 80 पन्नों का फैसला आया था, और मैं उस मामले से पूरी तरह मुक्त हो गया था। मेरे साथ-साथ अन्य लोग भी उस केस से बरी हुए थे। 20 मई को हुआ कैबिनेट विस्तार इससे पहले धनंजय मुंडे ने महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। राज्यपाल ने उनका इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया था, जिसके बाद ये कयास लगाए जा रहे थे कि यह पद किसे दिया जाएगा। ऐसे में महाराष्ट्र में 20 मई को फडणवीस सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया। इसके बाद एनसीपी के नेता छगन भुजबल ने मंत्री पद की शपथ ली। भुजबल ने राजभवन में महाराष्ट्र सरकार में मंत्री पद की शपथ ली।

फास्ट ट्रैक

## पश्चिम रेलवे पर रविवार 25 मई, 2025 को कोई दिवसकालीन ब्लॉक नहीं

**पश्चिम रेलवे का भायंदर और बोरीवली स्टेशनों के बीच रात्रिकालीन ब्लॉक**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पटरियों, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु शनिवार/रविवार की मध्यरात्रि अर्थात 24/25 मई, 2025 को भायंदर और बोरीवली स्टेशनों के बीच अप फास्ट लाइनों पर 23:30 से 03:00 बजे तक तथा डाउन फास्ट लाइनों पर 01:15 से 04:45 बजे तक 03:30 घंटे का जंबो ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान विरार/वसई रोड और बोरीवली स्टेशनों के बीच सभी फास्ट लाइन की ट्रेनें अप स्लो लाइनों पर चलाई जाएंगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टरों के कार्यालय में उपलब्ध है। ब्लॉक के कारण कुछ लोकल ट्रेनें निरस्?त रहेंगी। पश्चिम रेलवे के उपनगरीय खंड पर रविवार 25 मई, 2025 को कोई दिवसकालीन ब्लॉक नहीं रहेगा।

## वैष्णवी हगवणे केस में बड़ा अपडेट, एनसीपी के पूर्व नेता राजेंद्र और उनके बेटे को कोर्ट ने 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

महाराष्ट्र के पुणे में बहू को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में फरार एनसीपी के पूर्व नेता और उनके बेटे को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों को आज अदालत में पेश किया गया। जहां से उन्हें पांच दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



पुणेः महाराष्ट्र के पुणे में वैष्णवी हगवणे मौत मामले में एक अहम अपडेट सामने आया है। पुणे पुलिस ने बहू को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में फरार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पूर्व नेता और उनके बेटे को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद आज दोपहर दोनों को पुणे शिवाजीनगर अदालत में पेश किया गया। इस दौरान पुणे पुलिस ने मामले की जांच के लिए दोनों की हिरासत मांगी थी। अदालत ने पुलिस के अनुरोध को स्वीकार कर लिया और 5 दिन की पुलिस हिरासत मंजूर कर ली। इसलिए राजेंद्र हगवणे और सुशील हगवणे अब 28 मई तक पुलिस हिरासत में रहेंगे। वैष्णवी हगवणे मौत मामले में अब तक 12 लोगों की गवाही हो चुकी है। वैष्णवी को उसके पति शशांक ने पाइप से पीटा। पुलिस जांच में यह बात साफ हो गई है। इसलिए पुलिस ने इस मामले में अपराध में धारा 118 (2) जोड़ दी है। अब जानकारी सामने आ रही है कि पुलिस ने वह पाइप जब्त कर लिया है जिससे वैष्णवी की पिटाई की गई थी। पुलिस जांच के दौरान हमले का प्रकार स्पष्ट होने पर पुलिस ने धाराएं बढ़ा दी हैं। वकीलों से महत्वपूर्ण जानकारी सुनवाई के बाद वैष्णवी की ओर से दलीलें रख रहे वकीलों ने मीडिया को जवाब दिया। वकील ने बताया कि दो आरोपियों को लाया गया है। उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। आज पहली पीसी थी। जांच अभी बाकी है। सामान को जब्त करना बाकी है। किसी और ने मदद की या नहीं, इसकी भी जांच होनी बाकी है। पुलिस ने कारण भी बताए हैं। साथ ही क्या इस मामले में कोई और आरोपी है? इस संबंध में भी जांच चल रही है।

# ब्राह्मण समाज की एकता हेतु ऐतिहासिक संगोष्ठी का आयोजन

**समाज की गरिमा, संस्कृति और संगठन के नवप्रयास का साक्षी बना मुंबई का सांताक्रूज**






भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के तत्वावधान में, समाज की एकता, जागरूकता और गरिमा के उद्देश्यों को लेकर 22 मई 2025 को सायं 4:00 बजे तिवारीस सरस्वती क्लासेस, सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई में एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह विशेष आयोजन परिषद के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व पुलिस उपमहानिरीक्षक तथा वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी श्री युगल किशोर तिवारी जी के सान्निध्य में, तथा महाराष्ट्र राज्य इकाई के अध्यक्ष प्रो. दयानंद तिवारी जी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के कोने-कोने से पधारे ब्राह्मण समाज के प्रबुद्धजन, चिंतक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर श्री देवेंद्र तिवारी, प्रमोद कुमार उपाध्याय, भारत शुक्ला, प्रेमनाथ त्रिपाठी, सुशील योगी, विकास तिवारी सहित अनेक गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे। श्री युगल किशोर तिवारी जी ने कहा, ब्राह्मण समाज का दायित्व केवल अपने समाज तक सीमित नहीं है, यह राष्ट्र की चेतना का वाहक है। आज समय की पुकार है कि हम अपनी जड़ों की ओर लौटें, संगठन की शक्ति को पहचानें, और सांस्कृतिक पुनर्जागरण में अग्रणी भूमिका निभाएँ। प्रो. दयानंद तिवारी जी ने अपने उद्बोधन में कहा, भगवान परशुराम की तपस्या और संकल्प हमें प्रेरणा देते हैं कि हम देशभर में ब्राह्मण समाज को एक सूत्र में बाँधें। यह परिषद समाज को एकजुट करने की दिशा में एक दृढ़ कदम है। श्री युगल किशोर तिवारी जी का मार्गदर्शन हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। सभी वक्ताओं ने समाज में संवाद, संगठन और सांस्कृतिक गतिविधियों के सतत आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन एकता, संस्कृति और सशक्त समाज के संकल्प के साथ हुआ, जहाँ उपस्थित जनसमुदाय ने प्रतिज्ञा ली कि वे ब्राह्मण समाज की गरिमा और संस्कृति की रक्षा हेतु सदैव संगठित रहेंगे और इस विचारधारा को देशभर में फैलाएंगे। इस अवसर पर श्री युगल किशोर तिवारी जी का गरिमामय स्वागत पुष्पगुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिह्न द्वारा किया गया।

# मध्य रेल सतर्कता दल ने पीआरएस मलकापुर में दो दलालों को पकड़ा; 10 लाख रुपये से अधिक मूल्य के 182 रेलवे टिकट जब्त किए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

विशेष स्त्रोत से मिली सूचना के आधार पर, 22 मई 2025 को मलकापुर में यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) कार्यालय में मध्य रेल की सतर्कता दल द्वारा निवारक जांच की गई। सतर्कता दल ने दलाली की गतिविधियों में लिप्त दो व्यक्तियों को पकड़ा। जांच के दौरान, दल ने पीआरएस मलकापुर से खरीदे गए 3960 रुपये मूल्य के एसी तत्काल टिकट के साथ दो व्यक्तियों को पकड़ा। व्यक्तियों की पहचान स्थानीय सरगना संजय चांडक और 17 वर्षीय सहायक प्रसाद काले के रूप में हुई। संजय चांडक ने ठाकुर नामक एक कुख्यात मुंबई स्थित दलाल के साथ अपने संबंधों का खुलासा किया, जिसे व्यापक दलाली नेटवर्क के पीछे मास्टरमाइंड माना जाता है। आगे की पूछताछ में, संजय चांडक ने स्वेच्छा से मुंबई स्थित दलाल के साथ व्हाट्सएप चैट इतिहास साझा किया, जिससे पता चला कि उसने पीआरएस मलकापुर के माध्यम से बुक की गई 182 जेसीआर (यात्रा सह आरक्षण) टिकटों की तस्वीरें भेजी थीं। इनमें 1,61,535/- रुपये की कीमत के 23 लाइव टिकट और 8,48,298/- रुपये की कीमत के 159 पुराने टिकट शामिल थे, कुल मिलाकर 182 टिकट जिनकी कीमत 10,09,833/- रुपये थी। चांडक ने कबूल किया कि ये टिकट अवैध पुनर्विक्रय के लिए बुक किए गए थे और मुंबई स्थित दलाल को दिए गए थे। पकड़े गए दोनों दलालों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मलकापुर में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के निरीक्षक को सौंप दिया गया। रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत सीआर संख्या 278/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया है। रैकेट में शामिल 23 लाइव टिकटों को ब्लॉक कर दिया गया है। आरपीएफ मलकापुर द्वारा आगे की जांच की जा रही है। मध्य रेल सतर्कता विभाग अवैध टिकटिंग गतिविधियों पर अंकुश लगाने और वास्तविक यात्रियों के लिए रेलवे सेवाओं तक पारदर्शी और निष्पक्ष पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# आईआरसीटीसी के मुंबई से अंतर्राष्ट्रीय टूर पैकेज

भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) के पश्चिमी क्षेत्र मुंबई कार्यालय को मुंबई से अंतर्राष्ट्रीय टूर पैकेज प्रस्तुत करते हुए खुशी हो रही है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



आईआरसीटीसी विशेष रूप से तैयार किए गए अंतर्राष्ट्रीय पैकेज संचालित कर रहा है जो जेब के अनुकूल हैं ताकि इन टूर को मध्यम वर्ग के लोगों की पहुंच में लाया जा सके। श्री गौरव झा, समूह महाप्रबंधक पश्चिमी क्षेत्र IRCTC मुंबई ने बताया कि ये पैकेज पर्यटकों को पैसे के हिसाब से अच्छा अनुभव प्रदान करेंगे और ऐसी यादें बनाएंगे जिन्हें जीवन भर संजोया जा सकेगा। आईआरसीटीसी ने लंदन पैकेज (26.06.2025 से 10.07.2025), श्री रामायण यात्रा- श्रीलंका (16.06.2025 से 22.06.2025), अद्भुत बाली (14.07.2025 से 19.07.2025) और रहस्यमय नेपाल (12.08.2025 और 17.08.2025) के साथ सभी समावेशी यूरोप की शुरूआत की है। ये पैकेज बहुत अच्छी तरह से डिजाइन किए गए हैं, किफायती और वापसी की फ्लाइट टिकट लागत, सभी स्थानान्तरण और दर्शनीय स्थल, सभी भोजन, प्रवेश शुल्क, आवास, वीजा/परमिट, टूर गाइड, यात्रा बीमा और जीएसटी के साथ सभी समावेशी हैं। श्री गौरव झा ने यह भी बताया कि ये पैकेज बाजार में उपलब्ध अंतरराष्ट्रीय पैकेजों की तुलना में प्रतिस्पर्धी मूल्य पर हैं और ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ आतिथ्य और पैसे का मूल्य प्रदान करते हैं। इन पैकेजों के लिए बाजार में बहुत रुचि रही है और नियमित ग्राहकों की इन पैकेजों पर नजरें हैं टिकी हैं, जैसे ही वे www. irctctourism. com पर ऑनलाइन बिक्री के लिए उपलब्ध होते हैं। अधिक जानकारी के लिए, आप IRCTC की वेबसाइटः https://www. irctctourism. com/ bharatgaurav पर जा सकते हैं, और वेब पोर्टल पर पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर ऑनलाइन बुकिंग उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए, आप IRCTC से 8287931886 पर संपर्क कर सकते हैं।

# लाडली बहना योजना पर बड़ा अपडेट, जल्द महिलाओं के खाते में आएंगे 1500, सरकार ने उठाया ये कदम

लाडली बहनों को पैसा देने के लिए वित्त विभाग ने पिछले दिनों अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति विभाग का फंड महिला और बाल विकास विभाग को ट्रांसफर किया था। अबकी बार लाडली बहनों को अगली किस्त देने के लिए वित्त विभाग ने आदिवासी विभाग का 335 करोड़ 70 लाख रुपये का फंड ट्रांसफर किया है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबईः महाराष्ट्र में लाडली बहना योजना के पैसा का इंतजार कर रही महिलाओं के लिए अच्छी खबर है। लाडली बहनों के खाते में पैसा भेजने की कवायद शुरू हो गई है। लाडली बहनों को पैसा देने के लिए वित्त विभाग ने पिछले दिनों अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति विभाग का फंड महिला और बाल विकास विभाग को ट्रांसफर किया था। अबकी बार लाडली बहनों को अगली किस्त देने के लिए वित्त विभाग ने आदिवासी विभाग का 335 करोड़ 70 लाख रुपये का फंड हस्तांतरित किया है। पिछले विधानसभा चुनाव से ऐन पहले महायुति सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मेरी लाडली बहना योजना शुरू की थी। योजना के तहत पात्र महिलाओं को 1500 रुपये हर माह दिए गए। विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने पांच महीने के किस्तों का भुगतान पात्र लाभार्थियों को किया। चुनाव प्रचार के दौरान महायुति के नेता जोर शोर से प्रचार कर रहे थे कि अगर राज्य में फिर से महायुति की सरकार बनी तो ने 1500 की रकम को बढ़ाकर 2100 रुपये कर देंगे। चुनाव के बाद महायुति सरकार की सत्ता में वापसी हो गई

## मेडिकल स्टूडेंट से गैंगरेप, फिल्म दिखाने के बहाने अपार्टमेंट में ले गए, ड्रिंक्स में मिलाई नशीली गोली

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कोल्हापुरः सांगली की विंघमबाग पुलिस ने मंगलवार रात को एमबीबीएस स्टूडेंट से गैंगरेप के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। आरोप है कि पिछले 18 मई को आरोपियों ने छात्रा की ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला दिया था। पुलिस के अनुसार, यह घटना आरोपियों में से एक के वानलेसवाड़ी स्थित किराए के अपार्टमेंट में हुई।

## बिजली आपूर्ति को लेकर कलेक्ट्रेट में अहम बैठक

**गर्मी में निर्बाध बिजली के लिए डीएम ने दिए विशेष निर्देश, रोस्टर के हिसाब से होगी सप्लाई**

बुलंदशहर, जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग के अधिकारियों और कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। डीएम ने जनपद में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने तेज हवाओं से बाधित हुई बिजली आपूर्ति की जानकारी ली। जनपद में सभी क्षेत्रों में बिजली सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गर्मी के मौसम में बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए निर्बाध आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने को कहा।

**अधिसूचना**



**टीएडीके के स्थान पर अटेंडेंट की हायरिंग का ठेका**

**जगजीवन राम अस्पताल (जेआरएच)**, मुंबई सेंट्रल, मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा इच्छुक पक्षों से **निविदा सूचना क्रमांक : एमडी-जेआरएच-टीएडीके-14, दिनांक 13.05.2025 आमंत्रित की जाती है.**

**कार्य का नाम** : 02 वर्षों हेतु जेआरएच अधिकारियों के लिए टीएडीके के स्थान पर अटेंडेंट की हायरिंग का ठेका. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 1,24,99,200/- (सर्वसमावेशी). **ईएमडी** : रु. 25,000/-. **कार्य की पूर्णता अवधि** : 24 माह.
निविदा बंद होने की **तिथि एवं समय** : 09.06.2025 को 15:00 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें.

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
0179

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: x.com/WesternRly

# पश्चिम रेलवे मुंबई सेंट्रल-राजकोट और मुंबई सेंट्रल-गांधीधाम के बीच चलाएगी सुपरफास्ट तेजस स्पेशल ट्रेनें

## पश्चिम रेलवे द्वारा दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के लिए मुंबई सेंट्रल और राजकोट तथा मुंबई सेंट्रल और गांधीधाम के बीच विशेष किराये पर सुपरफास्ट तेजस स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त, यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए पश्चिम रेलवे द्वारा विशेष किराए पर दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे भी विस्तारित किये गये हैं।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः

1. ट्रेन संख्या 09005/09006 मुंबई सेंट्रल - राजकोट तेजस सुपरफास्ट द्वि-साप्ताहिक स्पेशल [18 फेरे]ः

ट्रेन संख्या 09005 मुंबई सेंट्रल-राजकोट स्पेशल हर बुधवार और शुक्रवार को मुंबई सेंट्रल से 23.20 बजे रवाना होगी और अगले दिन 11.45 बजे राजकोट पहुंचेगी। यह ट्रेन 30 मई से 27 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09006 राजकोट-मुंबई सेंट्रल स्पेशल हर गुरुवार और शनिवार को राजकोट से 18.30 बजे रवाना होगी और अगले दिन 07.30 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 31 मई से 28 जून, 2025 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद, विरमगाम, सुरेंद्रनगर और वांकानेर स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर और एसी 3-टियर कोच हैं।

2. ट्रेन संख्या 09017/09018 मुंबई सेंट्रलझगांधीधाम तेजस सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल [10 फेरे]

ट्रेन संख्या 09017 मुंबई सेंट्रल-गांधीधाम स्पेशल प्रत्येक सोमवार को मुंबई सेंट्रल से 23.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.55 बजे गांधीधाम पहुंचेगी। यह ट्रेन 02 जून से 30 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09018 गांधीधाम-मुंबई सेंट्रल स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को गांधीधाम से 18.55 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 07.30 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 03 जून, 2025 से 01 जुलाई, 2025 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद, विरमगाम, सामाख्याली और भचाऊ स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर और एसी 3-टियर कोच हैं।

विस्तारित होने वाली ट्रेनेंः

1. ट्रेन संख्या 09067 उधना-जयनगर अनारक्षित स्पेशल को 29 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
2. ट्रेन संख्या 09068 जयनगर-उधना अनारक्षित स्पेशल को 30 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
3. ट्रेन संख्या 09069 उधना-समस्तीपुर स्पेशल को 28 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
4. ट्रेन संख्या 09070 समस्तीपुर-उधना स्पेशल को 30 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

ट्रेन संख्या 09005, 09006, 09017 एवं 09018 की बुकिंग 25.05.2025 से तथा ट्रेन संख्या 09069 के विस्तारित फेरों की बुकिंग 27.05.2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय एवं संरचना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www. enquiry. indianrail. gov. in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

**पश्चिम रेलवे**
**सामग्री प्रबंधन विभाग**
**विभिन्न सामग्री की आपूर्ति**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्रमांक : एस/30/2025, दिनांक : 19.05.2025**

| क्रमांक | वस्तु का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 242 | ड्रॉ एंड बफ गियर हेतु रबर स्प्रिंग प्लेट | 11009 नग | 16-जून-25 |
| 243 | ब्रेक शू कम्प्लीट | 30481 नग | 16-जून-25 |
| 244 | वॉटरलेस यूरिनल की आपूर्ति एवं स्थापना | 30 नग | 18-जून-25 |
| 245 | टैप चेंजर के लिए आईओएच अनुरक्षण किट | 37 सेट | 19-जून-25 |
| 246 | निम्न सूची अनुसार स्पेयर सहित हाइड्रोलिक री-रेलिंग उपकरण | 11 सेट, 21 नग | 23-जून-25 |
| 247 | हल्का डीजल तेल | 120 लीटर | 23-जून-25 |
| 248 | ट्रैक्शन मोटर के लिए ब्लोअर | 96 सेट | 24-जून-25 |
| 249 | 8.5 में 1, 60 किग्रा. क्रॉसिंग पोर्शन के लिए 6 मिमी मोटी नायलॉन कॉर्ड जीआरएसपी | 530 सेट | 24-जून-25 |
| 250 | बीएमबीसी कोचेस के लिए ब्रेक गियर बुश | 86587 नग | 27-जून-25 |

**शुद्धिपत्र**

कृपया **निविदा सूचना क्रमांक : एस-27-2025, दिनांक : 08.05.2025 के क्रमांक 219** के लिए विवरण को "वाइडर प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट स्लीपर" के रूप में पढ़ें.

ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों संबंधी विस्तृत सूचना हेतु कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** तथा **wr.indianrailways.gov.in** का अवलोकन करें.
0172

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: x.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**उन्नत रसायन प्रकोष्ठ का प्रावधान**

वरि.डीईई/पी/बीसीटी द्वारा **निविदा क्रमांक : ईएल-81-896-डब्ल्यूए-56 (आर-1), दिनांक 20.05.2025 आमंत्रित की जाती है.** कार्य एवं स्थान : मुंबई मंडल - भायंदर, वसई रोड, घोलवड, वलसाड और डोंडाइचा स्थानों पर उन्नत रसायन प्रकोष्ठ (एसीसी) बैटरी भंडारण प्रणाली का प्रावधान. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु.1,77,00,000/-. **ईएमडी** : रु. 2,38,500/-. निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि एवं समय** : 23.06.2025 को 15:00 बजे तक. **निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : 23.06.2025 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें.
0183

Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**विद्युत कार्य**

वरि.डीईई/पी/बीसीटी द्वारा **निविदा क्रमांक : ईएल-81-36-399-डब्ल्यूए-12, दिनांक : 19.05.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : वलसाड - कोचिंग डिपो में एयर कंप्रेसर, यूएफडब्ल्यूएल, ईओटी क्रेन, सिंक, जैक एवं अन्य एम एंड पी के सुचारू संचालन हेतु विद्युत आपूर्ति प्रणाली का सुदृढ़ीकरण. **कार्य की अनुमानित लागत** : रुपये 1,41,12,849/-. **ईएमडी** : रुपये 2,20,600/-. निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि एवं समय** : 16.06.2025 को 15:00 बजे तक. **निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : 16.06.2025 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें.
0182

Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**टीआरडी प्रणाली की विश्वसनीयता सुधार कार्य**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सब-अर्बन), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008 द्वारा **ई-निविदा क्रमांक : डब्ल्यूआर-एमएमसीटीओईएसयूबी(ईएसओटी)/5/2025(आरटी), दिनांक : 19.05.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम** : चर्चगेट - विरार अनुभाग में ओएचई के क्षतिग्रस्त कॉपर क्रॉस फीडरों के प्रतिस्थापन द्वारा टीआरडी प्रणाली की विश्वसनीयता में सुधार का कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : रुपये 59,26,841/-. **बोली सुरक्षा राशि** : रुपये 1,18,500/-. **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 19.06.2025 को 15:00 बजे तक. **निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : 19.06.2025 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें.
0176

Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**मरम्मत कार्य**

मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्रमांक : बीसीटी/25-26/58, दिनांक : 19.05.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : खार से जोगेश्वरी : खार रोड से जोगेश्वरी के बीच रेलवे कॉलोनियों में कर्मचारी क्वार्टरों का सुधार कार्य, जिसमें संरचनात्मक मरम्मत, प्लास्टरिंग, डाउनटेक पाइप में सुधार तथा बाहरी पेंटिंग का कार्य शामिल है. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 1,74,41,186.02. **ईएमडी** : रु. 2,37,200/-. निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि एवं समय** : 13.06.2025 को 15:00 बजे तक. **निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : 13.06.2025 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें.
0174

Like us on: facebook.com/WesternRly

# ठाणे मनपा क्षेत्र में 10 कोरोना मरीज, घर पर ही उपचार, कोई गंभीर लक्षण नहीं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , पिछले तीन दिनों में ठाणे मनपा क्षेत्र में 10 कोरोना मरीज पाए गए हैं। उनमें कोरोना के हल्के लक्षण हैं और उनका घर पर ही इलाज चल रहा है।इस बीच, मनपा आयुक्त सौरभ राव ने मनपा स्वास्थ्य विभाग और सभी अस्पतालों को कोरोना मरीजों की जांच के लिए अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, कलवा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में एक विशेष कक्ष स्थापित किया गया है। कोरोना मरीजों का पता लगने का सिलसिला शुरू होने के मद्देनजर ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव ने शुक्रवार को विभाग प्रमुखों की समीक्षा बैठक में मनपा क्षेत्र में कोरोना मरीजों की स्थिति का जायजा लिया। शुक्रवार तक मनपा क्षेत्र में 10 कोरोना मरीज पाए गए हैं। इनमें कोरोना के हल्के लक्षण पाए गए हैं और इन सभी का घर पर ही इलाज किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ चेतना नितिल ने बैठक में बताया कि उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक और जांच किट भी उपलब्ध हैं। उपचार हेतु छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में कोरोना रोगियों के लिए 19 बिस्तरों का एक अलग वार्ड तैयार किया गया है, यह जानकारी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अनिरुद्ध मालगांवकर ने दी। उन्होंने यह भी कहा कि कलवा में आरटीपीसीआर सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

# देश की पहली टेक्सटाइल रिसाइक्लिंग परियोजना का प्रधान सचिव ने किया दौरा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई , देश में पहली बार, भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत वस्त्र समिति के माध्यम से नवी मुंबई मनपा के सहयोग से सीबीडी बेलापुर में अपशिष्ट वस्त्रों के प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण के लिए एक अभिनव परियोजना कार्यान्वित की जा रही है।इस परियोजना की शुरूआत महाराष्ट्र सरकार के कपड़ा विभाग के प्रधान सचिव अंशु सिन्हा ने परियोजना प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया है। इस अवसर पर उनके साथ वस्त्र विभाग के उप सचिव श्रीकृष्ण पवार, कपड़ा मंत्री के निजी सचिव प्रहलाद रोडे के साथ ही नवी मुंबई महानगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के उपायुक्त डॉ. अजय गाडे, जोन 1 के उपायुक्त सोमनाथ पोटरे, टिस्सर के सीईओ गणपति और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के साथ बैठक के दौरान प्रमुख सचिव श्री. अंशु सिन्हा ने प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अन्य शहरों को भी इस परियोजना का अनुकरण करना चाहिए। प्रमुख सचिव सिन्हा ने कहा कि इस परियोजना के माध्यम से फेंकने वस्त्र उपयोग के लिए अच्छा काम किया जा रहा है और इसके माध्यम से महिलाओं को भी कौशल प्रदान किया जा रहा है। उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। अंशु सिन्हा ने राय व्यक्त की कि यह परियोजना बहुत उपयोगी है। यह परियोजना कपड़ा अपशिष्ट की विशाल समस्या के समाधान के लिए बहुत प्रभावी कदम उठा रही है। जिसमें त्यागे गए कपड़ों को आकर्षक रूपों में पुनः उपयोग में लाया जा रहा है। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुनर्चक्रण के माध्यम से वस्त्रों के पुनर्चक्रण के साथ-साथ स्थायित्व का एक अच्छा उदाहरण है। उन्होंने कामकाजी महिलाओं के साथ बातचीत की और अपशिष्ट संग्रह, छंटाई और प्रसंस्करण की कार्य प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी ली।

## फास्ट ट्रैक

# कंचन ज्ञानधर मिश्रा को अंबरनाथ पूर्व भाजपा महिला मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. गुरुवार 22 मई को भारतीय जनता पार्टी अंबरनाथ शहर इकाई ने अंबरनाथ पूर्व के स्वानंद हॉल में आयोजित संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में अंबरनाथ शहर पूर्व महिला मोर्चा के अध्यक्ष पद पर कंचन ज्ञानधर मिश्रा को नियुक्त कर पार्टी में उनके कद को बढ़ाया है। कंचन ज्ञानधर मिश्रा को यह नियुक्ति पत्र भाजपा प्रदेश सचिव और पूर्व नगराध्यक्ष गुलाबराव करुंजले पाटिल के हाथों प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर नवनियुक्त कल्याण जिला अध्यक्ष नंदू परब, अंबरनाथ पूर्व मंडल के अध्यक्ष विश्वजीत करंजुले पाटिल भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कल्याण जिला अध्यक्ष नंदू परब ने कंचन ज्ञानधर मिश्रा को अंबरनाथ पूर्व महिला मोर्चा का अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें शुभकामनाएं दी और उनकी कार्यशैली की सराहना की। उम्मीद लगाई जा रही है कि उनके पद ग्रहण से पार्टी की महिला मोर्चा इकाई में सक्रियता बढ़ेगी और संगठन का विकास और अधिक गति से होगा। कंचन ज्ञानधर मिश्रा अंबरनाथ के जीपीएस ग्रुप के सहसंस्थापक और बदलापुर-अंबरनाथ बिल्डर एसोसिएशन के महासचिव जीडी मिश्रा की धर्मपत्नी हैं।

# उल्हासनगर मनपा शहर में प्रत्येक हाथगड़ी और ठेले वालों से पदपथ कार्यवाही के नाम पर 1 हजार रुपए वसूल रही है

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




उल्हासनगर.उल्हासनगर महानगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर की सड़कों पर जीविकोपार्जन कर अपना जीवन बशर करने वाले प्रत्येक हाथगाड़ी, ठेलेवाले, भाजी विक्रेता,नाश्ते की दुकानों, मच्छी-मटन विक्रेताओं से प्रति गाड़ी 1 हजार रुपए पदपथ कार्यवाही के नाम से वसूल रही है।इस वसूली अभियान में मनपा के 8-10 कर्मचारी गाड़ियों में आ रहे है, और प्रत्येक गाड़ीवाले से से 1 हजार रुपये वसूल कर रसीद दे रहे है।सड़कों पर ठेला लगाने वाले इन विक्रेताओं को ये समझ नहीं आ रहा कि मनपा द्वारा यह वसूली क्यों की जा रही है। शहर के विक्रेताओं में यह कार्यवाही चर्चा का विषय बनी हुई है। कृपया उल्हासनगर मनपा प्रशासन इस कार्यवाही पर प्रकाश डालकर विक्रेताओं की शंका का समाधान करे।

# ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई बाइक

### शादी से लौट रहे पिता-पुत्र की मौके पर मौत, परचून का दूकान चलाता था मृतक

शाहजहांपुर, एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई। मौजमपुर निवासी 25 वर्षीय राजीव गुप्ता अपने 6 वर्षीय बेटे शिरांष के साथ बाइक पर सवार थे। दोनों सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के भरगवां में एक शादी समारोह से घर लौट रहे थे।इसी दौरान भरगवां के पास एक ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के मोबाइल से उनके भाई राजकुमार को सूचित किया।

# घोड़बंदर में शेष सड़क मरम्मत का काम 30 मई तक पूरा किया जाए : सौरभ राव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,मनपा आयुक्त सौरभ राव ने 24 अप्रैल को ठाणे नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न अधिकारियों द्वारा किए जा रहे सड़क मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया और 20 मई तक सभी काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने गुरुवार (22 मई) पूरे घोड़बंदर रोड का निरीक्षण किया। हालांकि घोड़बंदर रोड का अधिकांश काम पूरा हो चुका है, लेकिन शेष काम 30 मई तक युद्ध स्तर पर पूरा करने के निर्देश मनपा, सार्वजनिक निर्माण विभाग, मेट्रो, एमएमआरडीए और अन्य अधिकारियों को दिए गए हैं। मानसून के बाद किए जाने वाले काम के स्थानों पर नोटिस बोर्ड लगाकर यातायात को सुचारू रूप से चलाने की योजना बनाने का भी सुझाव दिया गया।आयुक्त सौरभ राव ने आज ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, कापूरबावड़ी जंक्शन, घोड़बंदर रोड, सेवा रोड और गायमुख घाट क्षेत्रों में चल रहे और पूर्ण हो चुके कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर परिवहन विभाग के शहर अभियंता प्रशांत सोनगरा, मेट्रो अधीक्षण अभियंता अभिजीत दिसिकर सहित मनपा, सार्वजनिक निर्माण विभाग, एमएमआरडीए, मेट्रो, विद्युत वितरण कंपनी व अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। आयुक्त ने बताया कि मानसून के मौसम में घोड़बंदर रोड पर सुचारू और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए वे लगातार सड़क का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गायमुख तक पूरे घोड़बंदर मार्ग का काम पूरा किया जा रहा है और सभी एजेंसियों को 30 मई तक युद्ध स्तर पर अंतिम चरण का काम पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। मानसून के मौसम में घोड़बंदर रोड पर जल जमाव रोकने के लिए सभी जल निकासी लाइनों और पुलियों की सफाई का काम चल रहा है। आयुक्त ने यह भी बताया कि पुरानी ड्रेनेज लाइन को नई ड्रेनेज लाइन से जोड़ने का कार्य चल रहा है तथा 30 मई से पहले सभी ड्रेनेज लाइनों और पुलियों की सफाई का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। कासर वडवली में फ्लाईओवर के खुलने से घोड़बंदर रोड पर यातायात सुचारू करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर आयुक्त ने पुल का निरीक्षण भी किया। फिलहाल इस पुल का काम लगभग पूरा हो चुका है और शेष काम 5 जून तक पूरा करने के निर्देश एमएमआरडीए अधिकारियों को दिए गए हैं।

# नवी मुंबई में कोविड मरीज नहीं फिर भी स्वास्थ्य विभाग सतर्क

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई , राज्य के कुछ हिस्सों में कोविड मरीज मिलने की खबरें हैं। चिंता की बात यह है कि यदि बुखार, सर्दी या खांसी से पीड़ित कोई रोगी पाया जाता है, तो नागरिकों को श्वसन संक्रमण को रोकने के लिए कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए। इसके संबंध में निम्नलिखित निर्देशों का पालन करने की सलाह दी जाती है। इससे बचाव के लिए क्या करें ,खांसते या छींकते समय अपने मुंह और नाक को रूमाल या टिशू पेपर से ढकें। अपने हाथों को बार-बार साबुन और पानी या अल्कोहल आधारित सैनिटाइजर से धोएं। यदि आपको बुखार, खांसी और छींक है, तो सार्वजनिक स्थानों से दूर रहें। खूब पानी पियें और पौष्टिक भोजन खाएं। संक्रमण को कम करने के लिए सभी स्थानों पर पर्याप्त वेंटिलेशन सुनिश्चित करें। यदि आपको COVID जैसे लक्षण हों तो हाथ मिलाने से बचें, टिशू पेपर और रूमाल का दोबारा उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। बीमार लोगों के साथ निकट संपर्क से बचें।अपनी आंख, नाक और मुंह को बार-बार छूने से बचें। सार्वजनिक स्थानों पर न थूकें। डॉक्टर से परामर्श के बिना स्वयं दवा न लें। सर्दी, खांसी यानी आईएलआई और अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों का इलाज नवी मुंबई महानगरपालिका के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में किया जाता है। कोविड के वर्तमान संभावित खतरे को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत सभी अस्पतालों और नागरिक स्वास्थ्य केंद्रों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देश जारी किए गए हैं। इसे देखते हुए सावधानी बरतते हुए मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के आदेशानुसार मनपा के वाशी, नेरुल और ऐरोली के सार्वजनिक अस्पतालों में 05-05 बेड आरक्षित किए गए हैं। इसके अलावा, माँसाहेब मीनाताई ठाकरे पब्लिक हॉस्पिटल, नेरुल में एक परीक्षण प्रयोगशाला भी उपलब्ध है। निजी चिकित्सा पेशेवरों को भी सतर्क रहने और कोविड जैसे किसी भी लक्षण का अनुभव होने पर मनपा को सूचित करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही, केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा इस संबंध में समय-समय पर प्राप्त निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा। नवी मुंबई के नागरिकों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे कोविड से घबराएं नहीं और आवश्यक सावधानी बरतें। नवी मुंबई मनपा ने आवश्यक सावधानियां बरती हैं और नागरिकों को अफवाहों पर विश्वास नहीं करना चाहिए तथा अनावश्यक भय का माहौल नहीं फैलाना चाहिए। हालांकि, अगर आपको सर्दी, खांसी या फ्लू जैसे लक्षण अनुभव होते हैं, तो आपको व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए, चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए और इलाज के लिए अपने नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल में जाना चाहिए, ऐसा मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे ने कहा है।

# ब्वायज एंड गर्ल स्कूल एंड कालेज में 26 मई से समर कैंप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रतापगढ़,विश्वनाथ गंज -मल्हूपुर ,ब्वायज एंड गर्ल स्कूल एंड कालेज में ग्रीष्मकालीन छुट्टी के दौरान बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए 26 मई से 30 मई तक समर कैंप का आयोजन किया गया है।इस समर कैंप को लेकर बच्चों और अभिभावकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। ब्वायज एंड गर्ल स्कूल एंड कालेज के चेयरमैन विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी (पिंटू तिवारी) ने बताया कि ग्रीष्मकालीन छुट्टी के दौरान भी अभिभावकगण से विद्यालय प्रबंधन लगातार संपर्क में हैं। इसके पीछे एक ही मकसद है कि परिवार में पूरी तरह से शैक्षणिक माहौल बना रहे। बच्चे ग्रीष्मकालीन छुट्टी का आंनद लेते हुए होमवर्क को पूरा करें और पूरी तरह से शैक्षणिक वातावरण से जुड़े रहे। ब्वायज एंड गर्ल स्कूल एंड कालेज की मैनेजर रीना तिवारी ने बताया कि समर कैंप में बच्चों के बौद्धिक क्षमता के विकास के लिए विशेष तौर पर माहौल तैयार किया गया है और टीचर्स ने विशेष तैयारी की है। कला शिल्प, संगीत एवं नृत्य, योग, खेलकूद, कहानी लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता समर कैंप का मुख्य आकर्षण होगा। समर कैंप की विशेष तौर पर विद्यालय प्रबंधन ने तैयारीयां की है।जिसको लेकर टीचर, बच्चों और अभिभावकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

# कैंसर से परेशान युवक ने दी जान

### एक साल से चल रहा था इलाज, पत्नी बच्चे के साथ मायके गई थी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, कैंसर से पीड़ित 35 वर्षीय धर्मेंद्र ने कमरे में फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। धर्मेंद्र को एक साल पहले पीठ में कैंसर का पता चला था। तब से वह इलाज करा रहे थे। थाना सदर बाजार के गदियाना चुंगी निवासी धर्मेंद्र मजदूरी कर अपनी पत्नी मीरा देवी और ढाई साल के बेटे का पालन-पोषण करते थे। एक वर्ष पूर्व स्वास्थ्य बिगड़ने पर जांच में कैंसर की पुष्टि हुई। शाहजहांपुर, बरेली और लखनऊ में इलाज कराया, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम को भेजा शव गुरुवार की शाम को जब मां दवा देने कमरे में गईं, तो धर्मेंद्र का शव फंदे पर लटका मिला। ]उनकी पत्नी मीरा

# यदुवंशी महासभा द्वारा गंगा दशहरा पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद का होगा सम्मान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रतापगढ़,मान्धाता ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद की पहल पर क्षेत्र पंचायत निधि से ऐतिहासिक पौराणिक स्थल खुइलन धाम परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू हो गया है।जिसकी चर्चा आम जनता के बीच बहुत ही जोर-शोर से चल रही है।इससे स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। यदुवंशी महासभा के अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रकांत यादव ने कहा कि ऐतिहासिक और पौराणिक स्थल खुइलन धाम परिसर समस्या ,अव्यवस्था को लेकर लंबे समय से उपेक्षित रहा है। सुविधाओं का यहां अभाव था जेठवारा मान्धाता रोड से खुइलन धाम पहुंचने के लिए अच्छी सड़क तक नहीं थी जिससे दिन ब दिन गंगा दशहरा पर लगने वाला विशाल मेला अपनी रौनक खोता जा रहा था। यदुवंशी महासभा अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रकांत यादव ने कहा कि खुइलन धाम परिसर की अव्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय लोग कई बार जनप्रतिनिधियों और नेताओं से मिलकर सौंदर्यीकरण की मांग किए लेकिन खुइलन धाम परिसर की अव्यवस्थाओं और समस्या को कोई सुनने वाला नजर नहीं आ रहा था। आखिरकार ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने स्वतः खुइलन धाम पौराणिक स्थल की समस्या को संज्ञान में लिया और क्षेत्र पंचायत निधि से खुइलन धाम में बड़े पैमाने पर सौंदर्यीकरण कार्य शुरू करवा दिया। जिससे खुइलन धाम परिसर में रौनक लौटने लगी है और सौंदर्यीकरण लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यदुवंशी महासभा अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रकांत यादव ने बताया कि खुइलन धाम पर गंगा दशहरा पर विशाल मेला लगता है। जहां पर राज्य के अलग-अलग जिले से लोग आते हैं। लाखो लोगो की आस्था और श्रद्धा का केंद्र बन चुके खुइलन धाम पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद का जोरदार स्वागत किया जायेगा। इस स्वागत कार्यक्रम में भारी संख्या में यदुवंशी महासभा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# अंबरनाथ शहर में भाजपा के कमल खिलाने के संकल्प के साथ नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए

- गुलाबराव करंजुले पाटिल और नंदू परब की उपस्थिति में नियुक्ति पत्र दिए गए।
- अंबरनाथ में नगराध्यक्ष इस बार भाजपा का होगा- अभिजीत करुंजले पाटिल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





अंबरनाथ. महाराष्ट्र भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण के मार्गदर्शन और दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए अंबरनाथ शहर भाजपा ने नवीन सदस्य जोड़ों अभियान में 44 हजार से अधिक नए सदस्यों का पंजीकरण करके उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। पार्टी अध्यक्ष द्वारा संगठन में परिवर्तन और नवीन सदस्यों को पद ग्रहण कराने के क्रम में शहर भाजपा संगठन ने गुरुवार 22 मई को अंबरनाथ पूर्व स्थित स्वानंद हॉल में अपने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। यह कार्यक्रम नवनियुक्त भाजपा कल्याण जिला अध्यक्ष नंदू परब, भाजपा राज्य सचिव गुलाबराव करंजुले पाटिल, भाजपा कल्याण जिला महासचिव अभिजीत करंजुले पाटिल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। नियुक्ति पत्र समारोह में अंबरनाथ पूर्व के अध्यक्ष के रूप में विश्वजीत करंजुले पाटिल और अंबरनाथ पश्चिम भाग 1 के अध्यक्ष लक्ष्मण पंत तथा भाग 2 के अध्यक्ष के रूप में प्रदेश तेलंगे को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए जिला अध्यक्ष नंदू परब व भाजपा प्रदेश सचिव गुलाबराव करंजुले पाटिल ने पदाधिकारियों का अभिनंदन किया और पार्टी संगठन के लिए आगे बढ़कर कार्य करने की सलाह भी दी। इस अवसर पर अंबरनाथ शहर के तीनों अध्यक्ष,वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता विजय खरे, भाजपा कल्याण जिला महासचिव अभिजीत करंजुले पाटिल, पूर्व नगरसेवक अशोक गुंजल, वंदना पाटिल, राजेंद्र कुलकर्णी,महिला मोर्चा भाजपा प्रदेश महासचिव रूपाली लाठे,वर्तमान पदाधिकारी और पूर्व भाजपा पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर भाजपा के कल्याण जिला महासचिव अभिजीत करंजुले पाटिल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि हम विश्व की सबसे बड़ी पार्टी संगठन में कार्य कर रहे हैं। हमें पार्टी के लिए कार्य करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है तो हमें आगे आकर पूर्ण सक्रियता के साथ कार्य करना चाहिए। हमें गर्व होना चाहिए कि अंबरनाथ शहर में 44,000 से अधिक नए भाजपा सदस्य के पंजीकृत हुए हैं। हम लोगों को अंबरनाथ की धरती पर कमल खिलाने की प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना चाहिए। उक्त नियुक्ति पत्र समारोह का आयोजन अंबरनाथ पूर्व मंडल के महासचिव दिलीप कांसे ने किया।

**अंबरनाथ पूर्व के अध्यक्ष विश्वजीत करंजुले पाटिल की कार्यकारिणी में कुल 45 सदस्यों की नियुक्ति की गई। इसमें दिलीप कंसे, राजेंद्र कुलकर्णी, दत्तात्रेय देशमुख, वृंदा पटवर्धन को महासचिव, कंचन मिश्रा को महिला मोर्चा अध्यक्ष,अंबरनाथ विधानसभा महिला मोर्चा संयोजक रोजलीन फर्नांडीस और अन्य पदाधिकारियों को प्रकोष्ठ में नियुक्त किया गया ।अंबरनाथ पश्चिम मंडल-1 के अध्यक्ष लक्ष्मण पंत की प्रथम कार्यकारिणी में 24 सदस्यों की नियुक्ति की गई। इसमें नरसीमुल बोलबंदा, रिचर्ड पीटर डिसिल्वा, ललित सुले, देविका गरुंगे को महासचिव तथा अन्य सेल पदाधिकारी नियुक्त किए गए अंबरनाथ पश्चिम मंडल-2 के अध्यक्ष राजेश तेलंगे की प्रथम कार्यकारिणी साईनाथ गुंजाल प्रमोद गुप्ता को महामंत्री, पूनम जाधव को महिला मोर्चा अध्यक्ष तथा अन्य प्रकोष्ठ पदों पर कार्यकारिणी की नियुक्ति की गई।**

# दलित परिवार को सरकारी नल से पानी भरने से रोका



- शाहजहांपुर के नगला नाथ में दूसरे समुदाय ने की मारपीट, पुलिस में शिकायत दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जलालाबाद क्षेत्र में स्थित गांव नगला नाथ में दलित परिवार को सरकारी नल से पानी भरने पर रोका गया। पीड़ित महिला रोली ने थाना जलालाबाद में शिकायत दर्ज कराई। रोली ने बताया कि उनके घर के सामने सरकारी नल लगा है। नल के पास फातिमा पत्नी असीर अस्थाई मकान बनाकर रहती हैं। फातिमा और उनके परिवार वाले पानी भरने से रोकते हैं। वे कहते हैं कि वे पठान हैं और दलित समुदाय के लोगों के नल छूने से उनका धर्म नष्ट हो जाता है। इसी मामले में श्रीवेश और यशोदा ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वे अनुसूचित जाति के गरीब परिवार से हैं। पानी भरने का कोई अन्य साधन नहीं है। फातिमा के परिवार के लोग उनके साथ झगड़ा करते हैं। आरोपियों में मुशीर, शकील और शरीफ शामिल हैं। पीड़ितों ने पानी भरने से रोकने और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मौके पर जाकर जांच का आश्वासन दिया है।


## भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# आईएमएफ बोला- पाकिस्तान ने शर्तें पूरी कीं इसलिए लोन दिया

## भारत ने कहा था- पैकेज का इस्तेमाल आतंक में होगा, आईएमएफ ने नहीं माना

एजेंसी

वॉशिंगटन, भारत के विरोध के कुछ दिन बाद इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड यानी, आईएमएफ ने पाकिस्तान को दिए 2.4 बिलियन डॉलर के बेलआउट पैकेज का बचाव किया है। आईएमएफ ने कहा कि पाकिस्तान ने सभी फंडिंग शर्तों को पूरा किया है जिस वजह से इस पैकेज को मंजूरी दी गई है। 9 मई 2025 को जब इस पैकेज की मंजूरी को लेकर आईएमएफ की बोर्ड मीटिंग हो रही थी तो भारत ने कर्ज देने पर आपत्ति जताई थी और वोटिंग में शामिल नहीं हुआ था। भारत ने कहा था- पैकेज पर दोबारा विचार होना चाहिए, क्योंकि पाकिस्तान इन पैसों का इस्तेमाल आतंक को बढ़ावा देने में कर सकता है। हालांकि, आईएमएफ ने इसे नहीं माना। 1. एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी (ईएफएफ): 1.023 अरब डॉलर (करीब 8.76 हजार करोड़ रुपए) की किश्त 14 मई 2025 को पाकिस्तान के स्टेट बैंक को मिली। इससे उसका विदेशी मुद्रा भंडार 10.3 अरब डॉलर (करीब 88 हजार करोड़




रुपए) तक पहुंच गया। ईएफएफ का लक्ष्य पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को स्थिर करना और भंडार को बढ़ाना है। जून 2025 तक 13.9 अरब डॉलर (करीब 120 हजार करोड़ रुपए) के भंडार का लक्ष्य रखा गया है। 1.023 अरब डॉलर का जो फंड रिलीज किया गया है वो सितंबर 2024 में मंजूर किए गए 7 अरब डॉलर (करीब 60 हजार करोड़ भारतीय रुपए) के पैकेज का हिस्सा है। इसे 37 महीने में अलग-अलग अंतराल पर दिया जाना है। 1.1 बिलियन डॉलर की पहली किश्त 26 सितंबर 2024 को पैकेज की मंजूरी के तुरंत बाद रिलीज की गई थी। यानी, दो किश्तों में 7 बिलियन डॉलर के ईएफएफ में से 2.123 बिलियन डॉलर (करीब 18 हजार करोड़ रुपए) जारी किए जा चुके हैं। 2. रेजिलिएंस एंड सस्टनेबिलिटी फैसिलिटी (आरएसएफ): इसके तहत 9 मई को 1.4 अरब डॉलर की मंजूरी दी गई है। हालांकि, अभी इसे डिस्बर्स नहीं किया गया है। ये पैकेज आपदा प्रतिक्रिया में सुधार करने के साथ स्थायी जल संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा देने जैसे कामों के लिए है। आईएमएफ एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जो देशों को आर्थिक मदद करती है, सलाह देती है और उनकी अर्थव्यवस्था पर नजर रखती है। इस संस्था की कोर टीम एग्जीक्यूटिव बोर्ड होता है। यह टीम देखती है कि किस देश को लोन देना है, किन नीतियों को लागू करना है और दुनिया की अर्थव्यवस्था पर कैसे काम करना है। इसमें 24 सदस्य होते हैं जिन्हें कार्यकारी निदेशक कहा जाता है। हर एक सदस्य किसी देश या देश के समूह का प्रतिनिधित्व करता है। आईएमएफ में 191 सदस्य देश हैं। सबके पास एक-एक वोट का अधिकार है, लेकिन वोट की वैल्यू अलग-अलग है। यह आईएमएफ में उस देश को मिले कोटे के आधार पर तय होती है। यानी जितना ज्यादा कोटा, वोट की वैल्यू उतनी ज्यादा। भारत के वोट की वैल्यू करीब 2.75% है। आईएमएफ में किसी देश का कोटा कितना होगा ये उसकी आर्थिक स्थिति (जैसे जीडीपी), विदेशी मुद्रा भंडार, व्यापार और आर्थिक स्थिरता से तय होता है। अमेरिका का कोटा सबसे ज्यादा 16.5% है, इसलिए आईएमएफ में उसका वोट वीटो की तरह सबसे ताकतवर है। भारत की 2.75% जबकि पाकिस्तान की 0.43% है।

# पाकिस्तान में कोरोना से एक हफ्ते में 4 मौते

## कराची में हर दिन 8-10 पॉजिटिव केस; भारत में अब तक कोरोना के 261 नए मामले

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान के कराची में बीते एक हफ्ते में कोरोना की वजह से 4 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में ज्यादातर बुजुर्ग थे और ये लोग पहले से ही कई बीमारियों से जूझ रहे थे। ये सभी मौतें आगा खान यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में हुई है। यहां पर बीते कुछ दिनों से लगातार कोरोना मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। वहीं, भारत में अब तक कोरोना के 261 नए मामले मिले हैं। केरल में सबसे ज्यादा 95, तमिलनाडु में 66 और महाराष्ट्र में 56 नए केस मिले हैं। इन नए मामलों के लिए कोरोना के जेएन1 वैरिएंट को वजह माना जा रहा



है। कराची के श्वसन रोग एक्सपर्ट् डॉ. जावेद खान ने मीडिया को बताया कि पिछले हफ्ते से हर दिन 8 से 10 कोविड-19 के पॉजिटिव मामले देखे जा रहे हैं। वहीं, सिंध की स्वास्थ्य मंत्री डॉ. आजरा पेचुहो ने कहा कि फिलहाल पर मौजूदा हालात पर कुछ भी बयान नहीं दे सकती। पाकिस्तान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया- हमें बहुत कम सैंपल मिल रहे हैं, लेकिन उनमें से 10 से 20% सैंपल कोविड पॉजिटिव हैं। समस्या की गंभीरता समझने के लिए हमें और डेटा चाहिए। बीते कुछ वक्त से एशिया भर में कोरोना के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिली है। सिंगापुर में 13 मई तक कोरोना के 14,200 और थाईलैंड में 17 मई तक 33,030 नए मरीज मिले। हॉन्गकॉन्ग में 10 मई तक 1042 नए केस दर्ज किए गए। भारत में भी 12 मई के बाद से केस बढ़े हैं। 11 राज्यों में नए केस सामने आए हैं। ज्यादातर मामले केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु से हैं। 19 मई को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जो आंकड़े दिए, उसके मुताबिक देश में एक्टिव केस 261 हैं।

मुंबई में दो मरीजों की मौत की खबर भी आई है। हालांकि, एक्सपर्ट्स कोरोना के इस वैरिएंट को ज्यादा खतरनाक नहीं मान रहे हैं। इस बार संक्रमण के लिए ओमिक्रोन के नए वैरिएंट खठ1 और उसके सब-वैरिएंट्स एलएफ7 और एनबी1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि अब तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह लगे कि ये नए वैरिएंट पहले से ज्यादा खतरनाक या तेजी से फैलने वाले हैं।

# कनाडा में विदेशी छात्रों का पढ़ाई करना मुश्किल हुआ

## सरकार कम परमिट जारी कर रही, भारतीय छात्रों की संख्या में 31% गिरावट

एजेंसी

ओटावा, कनाडा ने इंटरनेशनल स्टूडेंट को दिए जाने वाले स्टडी परमिट की संख्या में कटौती की है। पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 2025 की पहली तिमाही में भारतीय स्टूडेंट को दिए गए परमिट में 31% की गिरावट आई है। इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा (आईआरसीसी) के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी-मार्च 2025 के बीच सिर्फ 30,640 स्टूडेंट को स्टडी परमिट दिया गया। जबकि 2024 में इसी अवधि के दौरान यह संख्या 44,295 थी। जनवरी 2025 में, कनाडा की आबादी 4 करोड़ 15 लाख थी, जिसमें अस्थायी निवासियों की संख्या 3 करोड़ 2 लाख थी। यह लगभग 7.25% है। कनाडा सरकार इसे 2028 तक 5% से कम पर ले जाना चाहती है। यही वजह है कि आईआरसीसी ने 2025 के लिए स्टडी परमिट की लिमिट 437,000 कर दी है, जो 2024 के मुकाबले 10% कम है। यह सीमा 2026 तक लागू रहेगी। कनाडा ने साल 2023 से ही इंटरनेशनल स्टूडेंट की संख्या को कम करने के लिए कोशिश शुरू कर दी थी। कनाडा ने 2023 में कुल 6.81 लाख स्टडी परमिट जारी किए, जिनमें से



2.78 लाख भारतीय छात्रों के लिए थे। 2024 में कुल परमिट की संख्या घटकर 5.16 लाख हो गई, जिसमें 1.88 लाख भारतीय छात्र थे। इसके कारण कनाडा में आने वाले इंटरनेशनल स्टूडेंट की संख्या में लगभग 40% की कमी आई है। कनाडा दो ग्रुप में परमिट देगी। जिसके लिए प्रांतीय सत्यापन पत्र (पीएएल) या क्षेत्रीय सत्यापन पत्र (टीएएल) जमा करना होगा। कनाडा सरकार ने स्टडी परमिट आवेदनों के लिए कई नए नियम लागू किए हैं, जो अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए आवेदन प्रक्रिया को और सख्त बनाते हैं। इन सख्त नियमों के कारण, कनाडा में पढ़ाई करने की इच्छा रखने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में कमी आई है। आईडीपी एजुकेशन के मार्च 2025 के सर्वेक्षण के अनुसार, कनाडा अब भारतीय छात्रों की पहली पसंद नही रह गया है। सिर्फ 13% छात्र कनाडा में पढ़ाई करना चाहते है, जबकि 2024 में यह आंकड़ा 19% था। जबकि ऑस्ट्रेलिया (28%) और अमेरिका (22%) को लेकर लोकप्रियता बढ़ी है।

# भारतीय डेलीगेशन के रूस पहुंचने से पहले यूक्रेन का हमला

## मॉस्को एयरपोर्ट पर ड्रोन अटैक, 40 मिनट तक आसमान में फंसे रहे

एजेंसी

मॉस्को, रूस की राजधानी मॉस्को गए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का विमान गुरुवार को 40 मिनट तक आसमान में चक्कर काटता रहा। दरअसल, मॉस्को के आसमान में यूक्रेन के ड्रोन मौजूद थे। इसके कारण विमान के लैंडिंग में भी देरी हुई। इस डेलिगेशन का नेतृत्व डीएमके सांसद कनिमोझी कर रहीं हैं। रूसी अधिकारियों के मुताबिक, एयर डिफेंस फोर्स ने रातभर में 105 ड्रोन मार गिराए, जिनमें से 26 मॉस्को की तरफ उड़



रहे थे। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने टेलीग्राम पर बताया कि गिरते मलबे के कारण कुछ जगहों पर नुकसान हुआ है, लेकिन किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। रुसी मीडिया के अनुसार, मॉस्को से लगभग 400 किलोमीटर दूर येलेट्स शहर पर कई यूक्रेनी ड्रोन ने हमला किया। यूक्रेनी ड्रोन हमलों की वजह से रूस की 153 उड़ानें प्रभावित हुईं। हवाई सेवा एजेंसी 'रोसावियात्सिया' ने मॉस्को के शेरमेत्येवो, डोमोडेडोवो, झुकोवस्की और वोनुकोवो एयरपोर्ट्स पर उड़ानें अस्थायी रूप से रोक दीं। इस वजह से हजारों यात्री प्रभावित हुए। मॉस्को में भारतीय राजदूत विनय कुमार ने प्रतिनिधिमंडल का डोमोडेडोवो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत किया, और भारत-रूस संबंधों पर जानकारी दी। दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व डीएमके सांसद कनिमोझी कर रही हैं। इनके साथ डेलिगेशन में सांसद राजीव राय, कैप्टन ब्रिजेश चौटा, प्रेम चंद गुप्ता, अशोक मित्तल और राजदूत मंजीव पुरी शामिल है। रूस से होते हुए यह प्रतिनिधिमंडल स्लोवेनिया, ग्रीस, लातविया और स्पेन का दौरा करेगा भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद किए ऑपरेशन सिंदूर का मकसद बताने और पाकिस्तान का असल चेहरा दुनिया के सामने लाने के लिए, देश के 59 सांसदों को 33 देशों में भेजा है।

# वक्फ अधिनियम में संशोधन को लेकर भड़के ओवैसी

### कहा- आरएसएस के पास एक लिस्ट है जिसे कलेक्टर...



एजेंसी

हैदराबादः ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने गुरुवार को वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ तीखा हमला बोला। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड द्वारा आयोजित महिलाओं के विरोध प्रदर्शन में शामिल ओवैसी ने आरोप लगाया कि इस अधिनियम की आड़ में मुसलमानों की जमीन छीनने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा, 'फरर के पास एक लिस्ट है, जिसे कलेक्टर को सौंप दिया जाएगा और कलेक्टर सिर्फ इन्क्वायरी लिखकर हमारी जमीन हड़प लेगा।' ओवैसी लगातार वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध कर रहे हैं और केंद्र सरकार पर हमलावर हैं। ओवैसी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, 'यह काला कानून हमारी मस्जिदों, दरगाहों और इमामबाड़ों को छीनने के लिए बनाया गया है। अगर कोई मुसलमान आदिवासी है, तो वह अपनी संपत्ति को वक्फ नहीं कर पाएगा। यह बेहद अजीब है। इस कानून के जरिए मुसलमानों की जमीन छीनने की साजिश हो रही है। यह कानून कहता है कि संसद के

**ओवैसी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, 'यह काला कानून हमारी मस्जिदों, दरगाहों और इमामबाड़ों को छीनने के लिए बनाया गया है। अगर कोई मुसलमान आदिवासी है, तो वह अपनी संपत्ति को वक्फ नहीं कर पाएगा। यह बेहद अजीब है। इस कानून के जरिए मुसलमानों की जमीन छीनने की साजिश हो रही है।**

सामने की मस्जिद वक्फ की नहीं, बल्कि सरकार की संपत्ति होगी। आखिर बीजेपी ने ऐसा कानून क्यों बनाया? यह कानून मुस्लिम विरोधी मानसिकता के आधार पर बनाया गया है। इससे वक्फ की सुरक्षा नहीं होगी।'

### 'कानून वापस लिए जाने तक जारी रहेगी लड़ाई'

वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ अपनी लड़ाई को और तेज करने का ऐलान करते हुए ओवैसी ने कहा, 'हमारा विरोध तब तक जारी रहेगा, जब तक यह काला कानून वापस नहीं लिया जाता।' पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा, 'पहलगाम हमले को एक महीना बीत चुका है।'

# न्यूक्लियर ब्लैकमेल जैसी धमकी को जेब में रख दे घूमता है भारत

## जर्मनी से जयशंकर का पाकिस्तान को कड़ा संदेश

**भारत आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करता। भारत कभी भी परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा और भारत पाकिस्तान के साथ पूरी तरह से द्विपक्षीय तरीके से निपटेगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी वर्ग में कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। हम जर्मनी की इस समझ को भी महत्व देते हैं कि हर देश को आतंकवाद के खिलाफ खुद की रक्षा करने का अधिकार है।**

एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा और वह कभी भी परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। जयशंकर ने कहा कि मैं पहलगाम आतंकी हमले पर भारत की प्रतिक्रिया के तुरंत बाद बर्लिन आया हूं। भारत आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करता। भारत कभी भी परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा और भारत पाकिस्तान के साथ पूरी तरह से द्विपक्षीय तरीके से निपटेगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी वर्ग में कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। हम जर्मनी की इस समझ को भी महत्व देते हैं कि




हर देश को आतंकवाद के खिलाफ खुद की रक्षा करने का अधिकार है।

जयशंकर नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी की अपनी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में बर्लिन में हैं। इससे पहले आज जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में जर्मनी की एकजुटता के लिए भारत की ओर से चांसलर फ्रेडरिक मर्ज. को सराहना व्यक्त की, क्योंकि दोनों पक्षों ने भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अपनी साझेदारी को गहरा करने के तरीकों की खोज की। एस जयशंकर ने कहा कि हम लगातार 8 दशक से इस समस्या का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप जिस सच्चाई को देखकर अब जागे हैं, उसके बारे में हम बहुत दिनों से जानते हैं और उसका सामना कर रहे हैं। हमारे पास दो कठिन पड़ोसी हैं- चीन और पाकिस्तान। हमारे लिए पाकिस्तान की तरफ से आतंकवाद वाली परेशानी हमेशा रही है। इसलिए हमने इस कठिन दुनिया में चुनौती को पूरी मजबूती के साथ झेला है। जयशंकर ने पश्चिमी देशों, खास तौर पर यूरोपीय शक्तियों की पाकिस्तान के सैन्य शासकों के साथ ऐतिहासिक गठबंधन के लिए आलोचना करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। किसी ने भी सैन्य शासन का समर्थन नहीं किया है। पाकिस्तान में लोकतंत्र को इतने तरीकों से कमजोर नहीं किया है - जितना कि पश्चिम ने किया है। भारत ने सीमापार आतंकवाद और नागरिक लोकतंत्र के दमन में पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान की भूमिका को लगातार उजागर किया है।

# सभी आरोप झूठे, मैं पाकिस्तानी सरकार का कट्टर आलोचक

### हिमंत बिस्वा सरमा पर गौरव गोगोई का पलटवार

**कांग्रेस नेता ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि पाकिस्तान को उसके सैन्य आतंकवादी खुफिया तंत्र के लिए कोई अतिरिक्त धन न मिले। साथ ही, हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि आईएमएफ ने हाल ही में पाकिस्तान को 2.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता देने का निर्णय पारित किया है।**

एजेंसी

सीएम हिमंत बिस्वा सरमा पर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने पलटवार किया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ये सभी आरोप झूठे हैं। उन्होंने ठोस सबूत नहीं दिए हैं। सरकार क्या कर रही है? उन्होंने ठोस सबूत नहीं दिए हैं। मैंने अंतरराष्ट्रीय मंचों और सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की आलोचना की है। मैं पाकिस्तानी सरकार की नीति का कट्टर आलोचक हूं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने दुनिया



भर में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के फैसले का समर्थन किया है। साथ ही, हमारा प्रयास पाकिस्तान को वित्तीय कार्रवाई कार्य बल की ग्रे सूची में वापस लाना होना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि पाकिस्तान को उसके सैन्य आतंकवादी खुफिया तंत्र के लिए कोई अतिरिक्त धन न मिले। साथ ही, हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि आईएमएफ ने हाल ही में पाकिस्तान को 2.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता देने का निर्णय पारित किया है। अब मेरा डर यह है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तानी सैन्य ढांचे को जो नुकसान पहुंचाया है।

# विपक्ष के नेता और 'निशान ए पाकिस्तान' राहुल गांधी

## भारतीय वायुसेना के विमान वाले बयान पर बीजेपी ने कसा तंज

**भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि आज देश राहुल गांधी से पूछ रहा है। प्रधानमंत्री से मतभेद होना जायज है, यह लोकतंत्र का हिस्सा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि आप (राहुल गांधी) प्रधानमंत्री के खिलाफ जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह बेहद परेशान करने वाली है।**

एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की सोशल मीडिया पोस्ट पर आलोचना की, जिसमें उन्होंने सवाल किया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कितने भारतीय वायुसेना के जेट विमान खो गए थे। भाजपा ने उन पर लापरवाह बयान देने का आरोप लगाया, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता हो सकता है। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि गांधी की टिप्पणियों का इस्तेमाल पाकिस्तान भारत को निशाना बनाने और सशस्त्र बलों का मनोबल




गिराने के लिए कर रहा है। उन्होंने सवाल किया कि क्या कांग्रेस नेता भारत के साथ खड़े हैं या उसके विरोधियों के साथ, उन्होंने पूछा कि क्या राहुल गांधी विपक्ष के नेता के रूप में या पाकिस्तान के निशान-ए-पाकिस्तानह के रूप में काम कर रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि आज देश राहुल गांधी से पूछ रहा है। प्रधानमंत्री से मतभेद होना जायज है, यह लोकतंत्र का हिस्सा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि आप (राहुल गांधी) प्रधानमंत्री के खिलाफ जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह बेहद परेशान करने वाली है। आपके बयानों पर अब पाकिस्तान की संसद में चर्चा हो रही है। पाकिस्तान कांग्रेस नेताओं के शब्दों का इस्तेमाल भारत को निशाना बनाने के लिए कर रहा है, और फिर भी आप चुप हैं। यह चिंताजनक है। भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी, आपको तय करना होगा कि आप किसकी तरफ हैं। क्या आप भारत के विपक्ष के नेता हैं, या पाकिस्तान के निशान-ए-पाकिस्तान? देश देख रहा है। यह आपको तय करना है। गौरव भाटिया ने एयर मार्शल संदीप सिंह भारती की पूर्व टिप्पणी का हवाला दिया कि सक्रिय युद्ध परिदृश्य के दौरान लड़ाकू विमानों के बारे में विवरण का खुलासा करना विवेकपूर्ण नहीं है। जब ऑपरेशन सिंदूर चल रहा है

## संक्षेप

### सड़क पार करते समय मजदूर की मौत

**पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, चार बेटों का पिता था मृतक**

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। रामपुर बबुआन के पास एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर 87.7 पर एक बुजुर्ग मजदूर की अज्ञात वाहन से टक्कर के कारण मौत हो गई। मृतक की पहचान घिरावू के रूप में हुई है, जो रामपुर बबुआन दया नगर का निवासी था। वह मजदूरी करने जा रहा था। सड़क पार करते समय अचानक किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि घिरावू की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के परिजनों के अनुसार, उनके परिवार में पत्नी और चार बेटे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### दो माह बाद कब्र से निकाला शव

**परिजनों ने जताई थी प्रेम-प्रसंग में हत्या की आशंका, कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई, दुबारा होगा पोस्टमॉर्टम**

सुलतानपुर, दूबेपुर में दो माह पहले फंदे से लटके मिले एक युवक के मामले में नया मोड़ आया है। कोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को युवक का शव कब्र से निकालकर दोबारा पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। बंधुआ कला गाजी खां मोहल्ले के 22 वर्षीय अयान खां का शव 22 फरवरी 2025 को फंदे से लटका मिला था। पहले पोस्टमॉर्टम में मौत का कारण हैंगिंग बताया गया था। परिवार का आरोप है कि प्रेम प्रसंग में अयान की हत्या कर शव को फंदे से लटकाया गया। अयान अपने दिव्यांग पिता अतीक के साथ रहता था। उसकी मां नफीसा चंडीगढ़ में रहती हैं। उसकी बड़ी बहन मुस्कान के साथ उसका छोटा भाई अमान रहता है। मां नफीसा ने पुलिस से न्याय न मिलने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर एसडीएम विपिन द्विवेदी, थानाध्यक्ष धर्मवीर सिंह और सब इंस्पेक्टर राम प्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ कब्रिस्तान पहुंचे। एक घंटे से अधिक की खोदाई के बाद शव को निकाला गया। मां का कहना है कि 12वीं पास अयान आत्महत्या नहीं कर सकता था।

### कांग्रेस निकालेगी संविधान बचाओ रैली

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और महासचिव के आने की संभावना, पार्टी कार्यालय पर बैठक**

सुलतानपुर, दोस्तपुर विकासखंड स्थित गौसेसिंहपुर में 25 मई को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और महासचिव प्रभारी अविनाश पांडे के आने की संभावना है। कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित तैयारी बैठक में नवनियुक्त कोऑर्डिनेटर आनंद राय ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा और शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने उनका स्वागत किया। आनंद राय ने कार्यकताओं से परिचय प्राप्त कर संगठन को मजबूत करने के लिए मार्गदर्शन दिया।

# रसूलाबाद में मॉर्निंग वॉक पर निकले बुजुर्ग की मौत

**कार ड्राइवर अस्पताल ले जाने के बहाने शव मेहदौरी एसटीपी के पास फेंक कर भागा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, शिवकुटी थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई। रसूलाबाद घाट पर सुबह टहलने निकले 65 वर्षीय फूलचंद्र भारतीय को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। फूलचंद्र पेशे से पेंटर थे। घटना बृहस्पतिवार सुबह साढ़े सात बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार चालक घायल बुजुर्ग को अस्पताल ले जाने का बहाना बनाकर कार में ले गया। रास्ते में बुजुर्ग की मौत हो गई। इसके बाद चालक ने शव को मेहदौरी एसटीपी के पास नयापुरवा कछार में फेंक दिया और फरार हो गया। मृतक के परिवार में पत्नी, सात बेटियां और एक बेटा कन्हैया हैं। पोस्टमार्टम के बाद आक्रोशित परिजनों ने शव को तेलियरगंज चौराहे पर रखकर चक्काजाम कर दिया। परिजनों ने आरोपी की गिरफ्तारी और 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग की। करीब तीन घंटे तक चले इस प्रदर्शन से क्षेत्र में लंबा जाम लग गया।सिविल लाइंस एसीपी श्यामजीत सिंह और स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को न्याय का आश्वासन दिया। इसके बाद जाम समाप्त हुआ।

रसूलाबाद घाट पर फूलचंद्र का अंतिम संस्कार किया गया। शिवकुटी पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश जारी है।

# यमुना किनारे बच्चे का शव मिला

**फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड ने सबूत जुटाए, हत्या की आशंका**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, घूरपुर थाना क्षेत्र के कंजासा गांव में यमुना नदी किनारे 10 वर्षीय बच्चे का शव मिला है। ग्रामीणों ने शव देखा और तुरंत घूरपुर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र को घेर लिया। फोरेंसिक विशेषज्ञों और डॉग स्क्वायड की मदद से साक्ष्य जुटाए गए। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में मौत को संदिग्ध माना जा रहा है। पुलिस को आशंका है कि हत्या के बाद शव को यमुना में फेंका गया।

मृतक की पहचान गांव के ही एक निवासी के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। परिवार, पड़ोसियों और संदिग्धों से पूछताछ चल रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का पता चलेगा। घटना से पूरे कंजासा गांव में शोक की लहर है। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 900 मीटर सड़क निर्माण पर विवाद



**जिला पंचायत सदस्य ने उठाए गुणवत्ता पर सवाल, ठेकेदार पर मानक विहीन कार्य का आरोप**

भारत संवाद न्यूज नेटवक

अमेठी, सिंहपुर विकास खंड के पिंडारा गांव में नवनिर्मित 900 मीटर लंबी ईंट सोलिंग सड़क को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र भारती ने सड़क का उद्घाटन करने के दो दिन बाद ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्न चिह्न लगाया है। राजेंद्र भारती ने ठेकेदार पर मानक विहीन कार्य का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह विभाग उनका है और कार्य उनके माध्यम से ठेकेदार द्वारा कराया गया है। फिर भी वे अपने क्षेत्र में मानकों के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे। भारती ने चेतावनी दी है कि यदि कार्य में कमियां पाई गईं तो ठेकेदार के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। इस मामले के सामने आने के बाद पंचायत स्तर पर चचाओं का दौर शुरू हो गया है।

# किसानों की समस्याओं पर तिकोनिया पार्क में बैठक

**स्टेट ट्यूबवेल, अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आंदोलन की चेतावनी**

भारत संवाद न्यूज नेटवक



सुलतानपुर, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की मासिक बैठक तिकोनिया में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामप्रकाश सिंह गुड्डू ने की।

मंडल अध्यक्ष रामप्रकाश सिंह ने कहा कि शासन-प्रशासन को दिए गए ज्ञापनों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने विशाल आंदोलन की तैयारी की समीक्षा की।

तिकोनिया धरने से जिलाधिकारी कार्यालय तक आंदोलन की चेतावनी दी। मंडल महासचिव एमपी सिंह ने स्टेट ट्यूबवेल की समस्या उठाई। उन्होंने बताया कि ग्राम बतौर में पुलिया का निर्माण गलत तरीके से किया गया है। इससे किसानों को पानी नहीं मिल पा रहा है। विभागीय उदासीनता से किसान परेशान हैं। तहसील अध्यक्ष जयसिंहपुर राम नायक वर्मा ने तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि छोटे-बड़े सभी किसान परेशान हैं, लेकिन शासन-प्रशासन मौन है। तहसील अध्यक्ष बल्दीराय प्रभात सिंह ने कहा कि तहसील में अवैध वसूली की जा रही है। पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रदूषण विभाग और अन्य विभागों की उदासीनता से किसान दुखी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि समाधान नहीं होने पर तहसील मार्ग पर आंदोलन किया जाएगा।

# दुर्गा मंदिर में जेष्ठ मास का विशेष आयोजन



**विधायक ने किया भंडारे का शुभारंभ, भक्तों की उमड़ी भीड़**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, शुकुल बाजार कस्बा स्थित दुर्गा मंदिर में जेष्ठ मास के दूसरे वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां दुर्गा पाठ से हुई। हवन पूजन के बाद शाम 4 बजे विधायक अभिषेक शुक्ला ने भंडारे का शुभारंभ किया। मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ से भरा रहा। माता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर क्षेत्रपंचायत सदस्य रामसिंह यादव, जीतू यादव, प्रदीप यादव और शिवम्शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में रामकृष्ण यादव, मनीष सिंह कट्टा, नीरज यादव और पूर्व प्रधान त्रिभुवन यादव भी शामिल हुए। रवि जायसवाल, रवि यादव, जितेन्द्र पाण्डेय सहित कस्बे के अन्य गणमान्य लोगों ने भी भंडारे में भाग लिया।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर अमेठी में जश्न

**जिला पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा, हजारों लोगों ने लिया हिस्सा**

भारत संवाद न्यूज नेटवक



अमेठी जिला, पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद अमेठी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष और उद्योगपति राजेश मसाला के नेतृत्व में यह यात्रा राजेश मसाला फैक्ट्री से शुरू हुई। यात्रा गांधी चौक, राजर्षि तिराहा और अंबेडकर तिराहा होते हुए गांधी चौक पर समाप्त हुई। इस यात्रा में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी और भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे। घोड़े, ढोल-नगाड़े और डीजे की धुन पर निकली यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। सभी के हाथों में राष्ट्रीय ध्वज था। कार्यक्रम में रिटायर्ड सैनिक, भाजपा एमएलसी शैलेन्द्र सिंह, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक विनीत अग्रवाल और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रविकांत गर्ग भी उपस्थित रहे। यह तिरंगा यात्रा भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के सम्मान में निकाली गई। सेना ने हाल ही में पाकिस्तान में चल रहे आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर सैकड़ों आतंकियों को मार गिराया था। इसी सफलता के उपलक्ष्य में देशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं।

# हार्डवेयर कारोबारी के घर लूट करने वाले बदमाशों का एनकाउंटर

**अलीगढ़ में 36 घंटे के अंदर पुलिस ने 2 के पैर पर मारी गोली; 4 फरार**

भारत संवाद न्यूज नेटवक




अलीगढ़, हार्ड वेयर कारोबारी के घर में लूट करने वाले 2 बदमाशों को 36 घंटे के अंदर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद अरेस्ट किया। दोनों बदमाश शहर छोड़कर भाग रहे थे, पुलिस ने शुक्रवार तड़के मथुरा हाईवे पर पुल के नीचे घेर लिया। पुलिस ने दोनों बदमाशों के पैर में गोली मारकर उन्हें घायल किया। उन्हें अलीगढ़ के जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। एसीपी मयंक पाठक ने बताया- पुलिस मथुरा हाईवे पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक लाल रंग की कार शहर से बाहर की तरफ जा रही थी। पुलिस ने उसे बैरियर पर रोकना चाहा, तभी उन्होंने स्पीड बढ़ा दी। मगर, ज्यादा आगे तक भाग नहीं पाए। सड़क के किनारे की मिट्टी गीली थी, इसमें उनके टायर फंस गए। कार के अंदर दो बदमाश थे, उन्होंने निकलते ही गोलियां चलानी शुरू कीं। पिस्टल और लूटे गए रुपए बरामद पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इसमें दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। पुलिस के जवान सुरक्षित हैं। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम शाहरुख और नावेद बताए। दोनों कोतवाली नगर और सिविल लाइन के गैंगस्टर हैं। ये वही बदमाश हैं, जिन्होंने अलीगढ़ के ऊपरकोट में रहने वाले हार्ड वेयर कारोबारी के घर में 21 मई को लूट की थी। इसका सीसीटीवी भी सामने आया था। पुलिस इन बदमाशों को ढूंढ रही थी। शाहरुख ने बताया- हमारे साथ 4 और साथी थे, इस वक्त वो कहां है? ये हमें नहीं पता। हार्ड वेयर कारोबारी के घर पर सिर्फ महिलाएं थीं, लूट करने के बाद हम लोग दिल्ली भाग गए थे, मगर लूट का माल यहीं अलीगढ़ में छिपाया हुआ था। इसलिए 22 मई की रात को वापस आए थे। मगर भागने से पहले पकड़े गए। पुलिस ने बदमाशों के पास से पिस्टल बरामद की है। कारोबारी नमाज पढ़ने गए, पीछे से बदमाश घर में घुसे नगर कोतवाली क्षेत्र के आतिश बाजान फर्श में रहने वाले हाफिज की घर पर ही ताले की फैक्ट्री है। बुधवार की रात 9 बजे वह नमाज पढ़ने गए थे। जैसे ही वह घर से निकले, दो-तीन मिनट बाद नकाबपोश चार बदमाश घर में घुस गए।

# 72 साल की बुजुर्ग को बहू ने पीटा

**सास को बीच रोड से धक्का देकर घसीटते हुए घर लाई, बेटे से किया गाली-गलौज**

भारत संवाद न्यूज नेटवक



मथुरा, थाना छाता क्षेत्र के गांव तरौली जनूबी से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक बहू ने अपनी 72 वर्षीय सास के साथ मारपीट की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि एक महिला बुजुर्ग सास को धक्का देती हुई खींचकर ले जा रही है। बुजुर्ग महिला को अपने घर पर खींच कर ले गई और फिर वहां उसके साथ मारपीट की और अभद्र भाषा का भी प्रयोग किया। जानकारी होने पर बीच-बचाव के लिए बुजुर्ग महिला का बेटा भी मौजूद था। वह अपनी मां को बचाने की कोशिश करता दिखाई दे रहा है। लेकिन बहू लगातार बुजुर्ग पर हमला करती रही। बताया गया कि महिला जब अपनी सास को नहीं छोड़ रही थी और उसके साथ अभद्रता कर पिटाई कर रही थी तो बेटे ने उसका वीडियो बना लिया। बहू 1 महीने से सास को प्रताड़ित कर रही पीड़ित बुजुर्ग महिला कस्तूरी देवी स्वर्गीय नन्नू सिंह की पत्नी हैं। उनका कहना है कि पिछले एक महीने से बहू उनके और बच्चों के साथ झगड़ा कर रही है। कस्तूरी देवी ने इसकी शिकायत थाना छाता पुलिस से की थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। छाता पुलिस के नाम एक प्रार्थना पत्र भी वीडियो के साथ वायरल हो रहा है।

# सड़क हादसे में मजदूर की मौत

**अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा शव**

भारत संवाद न्यूज नेटवक



सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर के मोतिगरपुर में लखनऊ-बलिया हाईवे पर सड़क हादसे में 40 वर्षीय बाइक सवार की मौत हो गई। जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय मृतक अपने रिश्तेदार को छोड़कर घर लौट रहे थे। मृतक की पहचान उमेश कुमार के रूप में हुई है। वह मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के छेदुवारी गांव का रहने वाला था। शाम साढ़े चार बजे के करीब वह अपने रिश्तेदार को मोतिगरपुर छोड़कर घर लौट रहा था। थाने से कुछ दूर आगे हाईवे पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के समय उमेश ने हेलमेट नहीं पहना था, जिससे सिर में गंभीर चोट लगी। मोतिगरपुर पुलिस ने घायल उमेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उमेश पांच भाइयों में सबसे छोटा था और दैनिक मजदूरी करके परिवार का पालन करता था।

# संविधान बचाओ अभियान की तैयारी

**अमेठी में 28 मई को होगी संगोष्ठी, केंद्र सरकार की नीतियों पर होगी चर्चा**

भारत संवाद न्यूज नेटवक




अमेठी जिला, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर अमेठी में जिला स्तरीय संविधान बचाओ अभियान की तैयारी बैठक आयोजित की गई। 23 मई को केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज के राजीव गांधी सभागार में यह बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. संजय सिंह ने इसका नेतृत्व किया। डॉ. संजय सिंह ने बताया कि 28 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बहादुरपुर स्थित नैना रिजॉर्ट में संविधान बचाओ अभियान संगोष्ठी होगी। इस संगोष्ठी में बेरोजगारी, महंगाई और लघु-मध्यम उद्योगों की समस्याओं पर चर्चा होगी। साथ ही ग्रामीण संकट और कल्याणकारी नीतियों के मुद्दों को भी उठाया जाएगा। सभी समुदायों की होगी भागीदारी कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और वंचित समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। विद्वान वक्ता सरकार की नीतियों पर अपने विचार रखेंगे। इस अभियान को पहले जिला स्तर पर और फिर विधानसभा स्तर पर आयोजित किया जाएगा। बैठक में इन लोगों की रही मौजूदगी बैठक में पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, परमानंद मिश्र, धर्मराज बहेलिया, जीत लाल सरोज, मतीन अहमद और विजय पासी मौजूद थे।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी